राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ रैपर किंग की बहन बनने को तैयार...



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 01 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 359, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### मुंबई : न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

मुंबई । मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ रुपये के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बैंक घोटाले के मामले में वांछित आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण भाई के बेटे मनोहर अरुणाचलम को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ईओडब्ल्यू ने बताया कि 122 करोड़ रुपये के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले के मामले में वांछित आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण भाई के बेटे मनोहर अरुणाचलम (33) को गिरफ्तार किया है। मनोहर पर अपने पिता को भगाने में मदद करने का आरोप है, आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इससे पहले मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध



शाखा ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के 122 करोड़ गबन मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें बैंक के पूर्व जीएम हितेश मेहता, बिल्डर धर्मेश पौन और अभिमन्यु नामक शामिल हैं। 122 करोड़ गबन मामले में मनोहर की चौथी गिरफ्तारी है। एफआईआर में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (बीएनएस)(आईपीसी) की धारा 316(5) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच मुंबई की ईओडब्ल्यू कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया था। आरबीआई ने कहा था कि ये प्रतिबंध बैंक की स्थिति में सुधार होने तक लागू रहेंगे। ईओडब्ल्यू के डीसीपी मंगेश शिंदे के अनुसार, न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देवर्षि शिशिर कुमार घोष ने मुंबई के दादर थाने में हितेश मेहता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी। मेहता पर बैंक के 122 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। घोष की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप है कि महाप्रबंधक हितेश मेहता और उनके कुछ सहयोगियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर बैंक में 122 करोड़ रुपये का गबन किया। महाप्रबंधक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर यह घोटाला किया।

### 13 टीमें, खोजी कुत्ते और ड्रोन, ऐसे पकड़ा गया बस में महिला से रेप का आरोपी दत्तात्रेय गाडे

**पुणे (आरएनएस)।** एक सनसनीखेज मामले में, पुणे बस बलात्कार के आरोपी दत्तात्रय गाडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाडे पर 26 साल की एक युवती के साथ स्वारगेट बस स्टेशन पर एक बस में बलात्कार करने का आरोप है। गुरुवार को पुणे पुलिस ने शिरूर तहसील में ड्रोन और डॉग स्क्वाड लगाई थी ताकि गाडे को पकड़ा जा सके। गाडे को पकड़ने के लिए कम से कम 13 पुलिस टीमें बनाई गई थीं। वह पुणे के गुनट गांव का रहने वाला है। गाडे के खिलाफ पुणे और अहिल्यानगर जिलों में चोरी, लूट और चेन-स्नैचिंग के छह से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह 2019 से एक मामले में जमानत पर बाहर था। पुणे शहर और पुणे ग्रामीण



पुलिस ने गुनट गांव में तलाशी शुरू की, जिसमें गन्ने के खेतों में ड्रोन और डॉग स्क्वाड का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, गाडे उस खेत में नहीं मिला जहां पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। हालांकि, पुलिस की तत्परता और लोगों के सहयोग से आखिरकार उसे धर दबोचा गया। दत्तात्रय गाडे ने रात साढ़े दस बजे अपने रिश्तेदार महेश के घर का रुख किया। वहां पहुंचने पर उसने अपने रिश्तेदारों से एक बोतल पानी लिया और कहा कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। इसके साथ ही उसने आत्मसमर्पण करने की इच्छा भी जताई। इस बीच, रिश्तेदारों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गाडे वहां से चले गए, लेकिन पुलिस ने महेश के घर के आसपास के इलाके में तलाशी शुरू कर दी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की मदद ली और गाडे द्वारा पहनी गई शर्ट को कुत्तों से सूंघवाया गया और खोज अभियान शुरू किया गया।

## 14 अस्पतालों में आईसीयू नहीं, मोहल्ला क्लीनिक से शौचालय गायब, CAG रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे

**दिल्ली।** दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति पर उत्सुकता से प्रतीक्षित सीएजी रिपोर्ट जिसमें मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पताल दोनों शामिल हैं 28 फरवरी को पेश की गई। दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक, जिन्हें कभी सुलभ स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में मनाया जाता था, हाल ही में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा किए गए एक व्यापक ऑडिट के बाद आलोचना के घेरे में आ गए। जैसा कि विभिन्न समाचार एजेंसियों ने रिपोर्ट किया है, ऑडिट रिपोर्ट में कमियों की एक परेशान करने वाली श्रृंखला सामने आई, जिसमें ऐसे उदाहरण भी शामिल हैं जहां डॉक्टरों ने प्रति मरीज एक मिनट से भी कम समय बिताया और




आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कमी थी। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन" पर पेश की जाने वाली दूसरी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ऑडिट रिपोर्ट से पता चलेगा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल "स्पष्ट रूप से बेईमान" हैं।

सिरसा ने दावा किया कि रिपोर्ट से आप शासन के दौरान अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिए गए धन के कथित दुरुपयोग का खुलासा होगा। भाजपा सरकार द्वारा शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में उपकरणों और स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी, मोहल्ला क्लीनिकों में खराब बुनियादी ढांचे और आपातकालीन निधि के कम उपयोग की ओर इशारा किया गया है।रिपोर्ट से पता चला है कि दिल्ली के कई अस्पताल महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। शहर के 27 अस्पतालों में से 14 में आईसीयू सुविधाओं का अभाव है, जबकि 16 में ब्लड बैंक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, आठ अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति अनुपस्थित है, और 15 अस्पतालों में शवगृह नहीं है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि 12 अस्पताल बिना एम्बुलेंस सेवाओं के चल रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिकों में शौचालय, पावर बैकअप और चेक-अप टेबल जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। इसी तरह की कमियां आयुष औषधालयों में भी सामने आईं।

## 2027 में भाजपा बड़े बहुमत से सरकार बनाएगी, सपा का भविष्य अंधकार में : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा तीसरी बार 2017 की तरह



बड़े बहुमत से बनने जा रही है। सपा का भविष्य अंधकार में है। उसकी नाव में बड़ा छेद है।

यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि 2027 में भाजपा तीसरी बार बड़े बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। सपा की नाव में छेद है इसलिए सभी इसमें से उतरकर भाग रहे हैं। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी हो रही है। उन्होंने कांग्रेस के अभियान के बारे में कहा कि वह चाहे जितनी सभाएं कर ले, उसका खाता नहीं खुलने जा रहा है। दिल्ली की सीएजी की रिपोर्ट में मोहल्ला क्लिनिक में बेसिक चीजों के अभाव के बारे में केशव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने ईमानदारी के नाम पर जितनी बड़ी बेईमानी की है, भारत के इतिहास में दूसरा कोई ऐसा उदाहरण नहीं है।

ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी 2027 विधानसभा को लेकर अपनी तैयारियों में तेजी से जुटी है। सपा मुखिया हर दिन जिलों से अलग-अलग लोगों से मिलकर अभी से तैयारी के लिए जुटने को कह रहे हैं।

## प्रशासन ने मटन-चिकन और अंडे की खरीद-बिक्री पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। यह देश में पहली बार है जब पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। प्रशासन ने 30 दिनों के लिए मटन, चिकन और

### देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू

अंडों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही, संक्रमित क्षेत्रों में दुकानों को सील करते हुए आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। नगर निगम के वार्ड संख्या 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 और 45 को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है।

प्रशासन ने बिल्लियों के संपर्क में आए लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी है। 18 बिल्लियों की मौत के बाद उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें दो बिल्लियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। पशु विभाग ने संक्रमित क्षेत्र में



बिल्लियों के संपर्क में आए 65 लोगों के सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए। राहत की बात यह है कि इन सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई।

**बर्ड फ्लू और इसका प्रभाव**

बर्ड फ्लू इन्फ्लुएंजा का एक प्रकार है, जिसका कारण वायरस होता है। यह शुरूआत में पानी के पक्षियों से फैला, लेकिन बाद में मुर्गी पालन उद्योग को तेजी से संक्रमित करने लगा। घरेलू पोल्ट्री इससे संक्रमित हो सकते हैं, और अगर यह किसी पक्षी को संक्रमित करता है तो उसकी मृत्यु की संभावना अधिक होती है। हालांकि, संक्रमित पक्षी इस वायरस को 10 दिनों से अधिक समय तक फैला सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह वायरस इंसान से इंसान में नहीं फैलता है, इसलिए अभी तक इसे महामारी नहीं माना गया है। हालांकि, यह पक्षियों से इंसानों में फैल सकता है, जिससे सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक हैं।

## संभल में जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई होगी या नहीं? हाईकोर्ट ने लिया फैसला

**प्रयागराज (आरएनएस)।** संभल में स्थित जामा मस्जिद की केवल साफ-सफाई की जाएगी; सफेदी और मरम्मत नहीं की जाएंगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट दाखिल करते हुए कहा कि सफेदी की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने याचिकाकर्ता को रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने का समय दिया है और एएसआई से सोमवार तक हलफनामे सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अगली सुनवाई 5 मार्च को तय की गई है। एएसआई ने बताया कि संरक्षित स्थल पर सफेदी या मरम्मत की अनुमति नहीं दी जा सकती। मंदिर पक्ष ने सफाई मरम्मत की आड़ में साक्ष्यों में छेड़छाड़ की आशंका जताते हुए इस प्रक्रिया का विरोध किया था। पूर्व में, एएसआई ने जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी की अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद कमेटी ने



हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने गुरुवार को एएसआई की तीन सदस्यीय समिति गठित कर शुक्रवार को रिपोर्ट मांगी थी। राज्य सरकार और मंदिर पक्ष ने भी इस याचिका का विरोध किया है।

## पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने खत्म किया आपराधिक मुकदमा

**लखनऊ (आरएनएस)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत



दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को समाप्त कर दिया। यह फैसला राज्य सरकार की उस अर्जी पर आया, जिसमें मुकदमा वापस लेने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की इस अर्जी को मंजूर कर लिया।

दरअसल, निचली अदालत ने सरकार के मुकदमा वापसी के प्रार्थना पत्र को पहले खारिज कर दिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने निचली अदालत के इस आदेश को भी रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने बृजभूषण की याचिका पर सुनाया। यह मामला वर्ष 2014 का है, जब गोंडा जिले की नगर कोतवाली में उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 और 341 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने सीआरपीसी की धारा 144 का उल्लंघन करते हुए लोक सेवक के आदेश की अवहेलना की थी। बृजभूषण सिंह भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्हें अपने कार्यकाल में विनेश फोगाट जैसी स्टार रेसलर द्वारा शारीरिक शोषण के आरोपों का सामना करना पड़ा था। विनेश फोगाट के अलावा अन्य रेसलर ने भी बृजभूषण सिंह पर आरोप लगाए थे।

## आंध्र प्रदेश सरकार ने पेश किया 3.22 लाख करोड़ रुपये का बजट

**आंध्र प्रदेश।** गठबंधन सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए शुक्रवार को कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित बजट पेश किया। इसमें किसानों को सालाना 20,000 रुपये देने, मछुआरों की वित्तीय राहत को दोगुना करने और 12वीं कक्षा तक के बच्चों को 15,000 रुपये देने के प्रस्ताव शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3.22 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

जिसमें अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 20,281 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 8,159 करोड़ रुपये, पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 47,456 करोड़ रुपये और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए 5,434 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। केशव ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि सरकार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 15,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तल्लिकी वंदनम योजना शुरू कर रही है। इस योजना के दायरे में सरकारी और निजी, दोनों स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चे आएंगे। उन्होंने कहा, चाहे हम किसी भी वित्तीय



स्थिति में हों, हमारे किसानों को ह्यअन्नदाता सुखीभव योजना के तहत सालाना 20,000 रुपये मिलेंगे। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) की अगुवाई वाले गठबंधन ने 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले घोषित सुपर सिक्स योजनाओं के तहत 19 से 59 वर्ष की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक सहायता, युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियां या 3,000 रुपये मासिक बेरोजगारी सहायता देने और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा देने का वादा किया था। सुपर सिक्स के तहत हर स्कूल जाने वाले बच्चे को प्रति वर्ष 15,000 रुपये (तल्लिकी वंदनम), हर घर को तीन मुफ्त गैस सिलेंडर (दीपम-2) और हर किसान को 20,000 रुपये वार्षिक वित्तीय सहायता (अन्नदाता सुखीभव) देने की भी बात कही गई थी। केशव ने मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि के दौरान मछुआरों के लिए वित्तीय राहत को दोगुना कर-के 20,000 रुपये करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले वित्त वर्ष में प्रति परिवार 25 लाख रुपये का बीमा-आधारित स्वास्थ्य कवरेज लागू करने की योजना बना रही है। इस बजट में 2.51 लाख करोड़ रुपये का अनुमानित राजस्व व्यय और 40,635 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय शामिल है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि अनुमानित राजस्व घाटा लगभग 33,185 करोड़ रुपये और राजकोषीय घाटा लगभग 79,926 करोड़ रुपये है।

**लोकार्पण** | 5.18 करोड़ रुपये की लागत के सिक्कन मठ से कसान वाया मोरेगालू सड़क का शिलान्यास किया

## सुक्खू ने मंडी में नौ परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को मंडी के द्रंग और सदर के लिए 46.82 करोड़ रुपये की लागत की नौ विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। सुक्खू ने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए 'अपना पुस्तकालयइ कार्यक्रम के तहत नेरचौक और पधर में एक-एक पुस्तकालय का लोकार्पण भी किया। उन्होंने द्रंग विधानसभा क्षेत्र में 5.28 करोड़ रुपये की लागत से सब मार्केट यार्ड, टकोली के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्य, मंडी-कमांद-कटौला-बजौरा सड़क पर कमांद में उहल नदी पर 12.44 करोड़ रुपये लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला मंडी में




1.33 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित डीएनए ब्लॉक का लोकार्पण किया। उन्होंने मंडी से बीर-लाग तथा बाड़ी-गुमाणु सड़क पर 2.08 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गरूड़ नाला एवं गणपति नाला डबल लेन पुल तथा रंधाड़ा से अलाथु वाया चचोला सड़क पर 3.15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल और मंडी में 3.82 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित खंड विकास कार्यालय भवन का उद्घाटन भी किया।

सुक्खू ने विश्वकर्मा मंदिर मंडी के पास 1.55 करोड़ रुपये की लागत से भू-स्खलन शमन कार्यों, वल्लभ राजकीय डिग्री कॉलेज मंडी के विभिन्न खंडों में 12 करोड़ रुपये की लागत से भूकंप रेट्रोफिटिंग के कार्य तथा 5.18 करोड़ रुपये की लागत के सिक्कन मठ से कसान वाया मोरेगालू सड़क का शिलान्यास किया।

## अमृतसर सीमा पर दो ड्रोन और तीन पैकेट हेरोइन बरामद

**जालंधर (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से संदिग्ध हेरोइन ले जा रहे दो ड्रोन बरामद किए। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 508 ग्राम) को बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के गांव- दाओके से लगभग अपराह्न तीन बज कर चालीस मिनट पर बरामद किया। मादक पदार्थ के पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और पैकेट पर धातु की अंगूठी के साथ दो रोशनी वाली छड़ें लगी हुई थीं। संदिग्ध हेरोइन का एक और पैकेट (कुल वजन- 600 ग्राम) बीएसएफ जवानों ने सुबह करीब 07:15 बजे अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव से सटे एक खेत से बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप से लिपटे हुए थे और पैकेट पर तांबे के तार की अंगूठी के साथ एक रोशनी वाली पट्टी भी लगी हुई थी। एक अन्य मामले में ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के उत्तर धारीवाल गांव से सटे सीमा सुरक्षा बाड़ से आगे एक खेत से एक असेंबल ड्रोन के साथ एक पैकेट (कुल वजन- 505 ग्राम) बरामद किया। बरामद पैकेट पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ था और एक धातु की अंगूठी थी। स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर बीएसएफ जवानों ने सुबह करीब 09:05 बजे रतनखुर्द गांव से सटे एक ग्रामीण के खेत से एक और ड्रोन (डीजेआई मैविक 3 क्लासिक) बरामद किया।

# प्रदेश में बढ़ रहा अपराध और भ्रष्टाचारः शकील नदवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**स्याना (वसीम खाँन)।** समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में लूट, डकैती और हत्याएं बढ़ रही हैं। साथ ही प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है।नदवी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खत्म हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पीडिए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा सरकार अत्याचार और उत्पीड़न करेगी, वहां सपा कार्यकर्ता खड़े नजर आएंगे।अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष ताहिर अली सैफी के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नदवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की ताकत को कमजोर समझने की भूल न करें। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ जनमत है, जिसका प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में दिख चुका है। नदवी ने कहा कि पी डी ए सहित सभी वर्गों को साथ लेकर पार्टी आगे बढ़ेगी। बता दे अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष ताहिर सैफी के भतीजे शाद सैफी के रिसेप्शन पार्टी में शामिल हुए थे प्रदेश अध्यक्ष सकील नदवी इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश सचिव इनामुल हक,नदीम बुखारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ बीग्रेड, जिला अध्यक्ष मतलूब अली, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष ताहिर अली सैफी , पूर्व जिला अध्यक्ष अमजद अली गुड्डू, पूर्व महासचिव बादल यादव, जिला महासचिव हाजी खालिद सिद्दीकी, सब्बू चौधरी ,नगर अध्यक्ष सफीक चौधरी, प्रदेश सचिव मुजम्मिल खा, राशिद गाजी, फिरौज सैफी, आबिद खान, आरिफ सैफी, शाद सैफी, अबरार हाश्मी, बल्लू कुरैशी, सादिक सैफी, मतलूब कुरेशी, मारूफ चौधरी, फरमान सलमानी, फहीम चौधरी, इस्लाम मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह ने किया संगठन का विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू के ठाकुर सुनील सिंह जिला अध्यक्ष व जिला सहसचिव वकील खाँन ने संगठन का विस्तार किया असद खॉन को शहीद गढी औरंगाबाद के भारतीय किसान यूनियन भानू के सदस्य बनाया गया और मनोनीत पत्र देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय किसान यूनियन भानू किसान व जनता साथ के साथ मिलकर काम करेंगे जिसमें कार्यकताओं को मनोयन पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष ने औरंगाबाद शहीद गढी सदस्यता का पद देकर सम्मानित किया गया वे मनोयन पत्र देते हुए सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मनोयन पत्र मिलते ही लोगों के चेहरे पर खुशी और कहां की मैं तन मन धन से संगठन में लगन से काम करूंगा और लोगों को आपस में जोड़ने का भी काम करूंगा किसानों के हित में काम करूंगा गरीब लोगों की मदद करूंगा एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलूंगा।

# शुरू होने जा रहा इबादत, रहमत और बरकत का महीना रमजान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** इबादत रहमत और बरकत का महीना शुरू होने जा रहा है। माहे रमजान के स्वागत की तैयारियों में मुस्लिम समाज में लोग जुट गए हैं। साथ ही रोजे रखने वालों में उत्साह है। संभावना जताई जा रही है कि रमजान का महीना 1 मार्च से और पहला रोजा 2 मार्च से शुरू हो सकता है। रमजान को लेकर बाजार भी सजने लगे हैं।

हर किसी को चांद के दीदार का इंतजार है। रमजान का पाक महीना शुरू होने से पहले ही बाजार सज गए हैं दुकानों पर शहरी और अफतार का सामान की बिक्री शुरू हो गई है। रमजान माह 30 दिन का होता है और इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला दौर 10 दिन का होता है। पहले 10 दिनों को रहमतों का दौर बताया गया है। दूसरे 10 दिन के दौर को माफी का दौर कहा गया है, और आखरी 10 दिन जहन्नुम में बचाने वाला बताया गया है। माना जा रहा है कि पहला रोजा 2 मार्च का होगा। 2 मार्च की सुबह लोग सहरी के साथ रोजा रखेंगे। माना जा रहा है कि इस बार रमजान के महीने में चार जुम्मे पडेगे ।

**रमजान का महीना 1 मार्च से और पहला रोजा 2 मार्च से शुरू होने की संभावना रोजा रखने वालों में उत्साह**

पवित्र माह रमजान की आमद के मद्देनजर साफ सफाई के साथ-साथ तरावीह पढ़ने की व्यवस्था की जा रही है । चांद दिखते ही मस्जिदों में एक माह तक चलने वाली तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो जाती है ।बहरहाल लोगों ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोगों ने सहरी और अफतार के लिए सामान खरीदना शुरू किया है।

वहीं दूसरी ओर बाजार में शहरी के लिए फैनी पापे, मठरी, डबल रोटी, सेवई, और पापड़ आदि की दुकानें सजने लगी हैं। रोजा खोलने के लिए बाजार में खजूर समेत अन्य जरूरी सामान भी आ गए हैं। दुकानदार नईम ने बताया कि पहले रोज के साथी सामान की बिक्री शुरू हो जाएगी।

**सफाई की व्यवस्था......**

नगर पालिका ने भी रमजान के महीने में सफाई और पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का दावा किया है।

# श्री श्री अखंड गंग ज्योति रथ यात्रा का माँ गंगा के भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** श्री श्री अखंड गंग ज्योति रथ यात्रा का श्रीरामचरितमानस प्रचार समिति एवं माँ गंगा के भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया सनातनी गंगा फाउंडेशन एवं गंगोत्री धाम मंदिर के तत्वाधान में गंगोत्री से कंगन घाट पटना तक श्री श्री अखंड गंग ज्योति रथ यात्रा का श्रीरामचरितमानस प्रचार समिति एवं माँ गंगा के भक्तों द्वारा अनूपशहर में भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य गंगा की महिमा को जन-जन तक पहुँचाना, गंगा के स्वच्छता संरक्षण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित करना और गंगा से जुड़ी सभ्यता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है। यात्रा के स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। गंगा पूजन एवं नगर में यात्रा सर्वप्रथम परशुराम घाट पर गंगा के पावन तट पर सभी भक्त उपस्थित हुए और मां गंगा का पूजन अर्चन एवम दुग्धार्पण किया गया तत्पश्चात नगर में शोभायात्रा निकाली गई माँ गंगा को स्वच्छ रखने की अपील गंगोत्री धाम मंदिर के पूर्व अध्यक्ष हरीश रावल जी ने इस यात्रा के माध्यम से माँ गंगा को स्वच्छ रखने की अपील की। गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझने की आवश्यकता है। हम सभी को गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका आशीर्वाद ले सकें। समाज के प्रत्येक वर्ग को गंगा की सफाई में सक्रिय रूप से योगदान देना चाहिए। माँ गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया जाये श्री सनातनी गंगा फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन प्रवीण जी द्वारा गंगा की महिमा और महत्व को देखते हुए यह माँग की गई कि माँ गंगा को राष्ट्रीय नदी के रूप में घोषित किया जाए। इससे गंगा की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान की दिशा में मजबूत कदम उठाए जा सकेंगे। गंगा हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर और जीवनदायिनी है, और इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा मिलना हमारी सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। उन्होंने इस क्रम में चल रही मैराथन के विषय में भी अवगत कराया,साथ श्री राम चरितमानस प्रचार समिति का आभार व्यक्त किया। गंगा सभ्यता को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाये गढ़मुक्तेश्वर से गंगा पुत्र सुधीर गौतम जी ने गंगा सभ्यता की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव रखा कि गंगा सभ्यता को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

# महाकाल का अद्भुत श्रंगार कर मनाया शिवरात्रि महोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शिकारपुर।** नगर के प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भगवान शिव पर काफी दूर-दराज से आए भक्तों ने जल चढ़ा कर अपने जीवन सफल बनाने के लिए तरह-तरह की मन्नतें मॉगी।

मन्दिर के महंत कुनाल जोशी ने बताया कि हर वर्ष मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव बड़े ही विशाल रूप से मनाया जाता है। सुबह भगवान शिव का रुद्राक्ष अभिषेक, बाबा महाकाल का अदभुत श्रृंगार, बाबा महाकाल की भस्म आरती एंव महिला संकीर्तन, बधाई उत्सव, बाबा महाकाल के छप्पन भोग लगाए गए तथा बाबा महाकाल की महा आरती करके प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें इस शुभ अवसर पर पहुंचकर सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव से प्रार्थना की ।वंही मंदिर के महंत ने बताया कि इस दिन रुद्राक्ष अभिषेक करने से घर में धन की वृद्धि संतान हिनो को संतान की प्राप्ति होती है ।और कर्जा से मुक्ति मिलती है। वहीं नगर के प्राचीन झाड़ीपथ मंदिर में महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया।

# भारत रत्न डॉ0 राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** डीपीबीएस कॉलेज में प्राचार्य जी के सिंह के निर्देशन में वाणिज्य विभाग, बीसीए विभाग, बीएड विभाग और रोवर- रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में देश के महान स्वाधीनता सेनानी, देश के प्रथम राष्ट्रपति, संविधान सभा के अध्यक्ष, ह्यभारत रत्नह्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० जी के सिंह ने कहा कि सालों की गुलामी और आजादी की लड़ाई के बाद हमें जो राष्ट्र मिला उसकी कमान का एक सिरा पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू तो दूसरा सिरा राजेंद्र प्रसाद के पास था। उन्होंने नव स्वतंत्र राष्ट्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे और उन्हें सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था।रोवर रेंजर अधिकारी डॉ० तरुण श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 1914 में बंगाल और बिहार की भीषण बाढ़ के दौरान, उन्होंने राहत कार्यों में मदद करने के लिए स्वयं सेवा की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पीड़ितों को भोजन और कपड़े प्रदान किए। 15 जनवरी, 1934 को जब बिहार में भूकंप आया तो राजेंद्र प्रसाद जेल में थे। 17 जनवरी को उन्होंने बिहार सेंट्रल रिलीफ कमेटी बनाकर धन जुटाने का काम अपने ऊपर ले लिया। वह राहत कोष संग्रह के प्रभारी थे, जिसकी कुल राशि 38 लाख रुपये से अधिक थी।

क्वेटा भूकंप के दौरान, उन्होंने ब्रिटिशों द्वारा उन्हें इस क्षेत्र से बाहर जाने से रोकने के प्रयासों के बावजूद, पंजाब में क्वेटा सेंट्रल रिलीफ कमेटी की स्थापना की।

रोजगार सीमिति के समन्वयक डॉ० पंकज गुप्ता ने कहाकि डॉ०राजेंद्र प्रसाद सबसे लंबे समय, 12 वर्षों तक भारत के राष्ट्रपति रहे. 25 जनवरी, 1960 की रात को उनकी बड़ी बहन भगवती देवी का निधन हो गया. जब वो सिर्फ 19 वर्ष की थी तभी उनके पति का निधन हो गया था. तब से वो अपने छोटे भाई राजेंद्र प्रसाद के साथ रह रही थीं. कुछ घंटे पहले हुई उनकी प्रिय बहन की मौत के बावजूद राजेंद्र प्रसाद ने 26 जनवरी की सुबह गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली. परेड से लौटने के बाद उन्होंने अपनी बहन के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की. बीएड से डॉ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जब राजेंद्र प्रसाद राष्ट्पति बने तो उस समय राष्ट्रपति का वेतन दस हजार रुपए प्रति माह हुआ करता था. उन्होंने शुरू से ही उसका आधा यानी सिर्फ 5000 रुपए वेतन लिया. बाद में उन्होंने उसको भी घटाकर सिर्फ 2500 रुपए प्रति माह कर दिया था.डॉ के सी गौड़ ने कहा कि जब आजादी से पहले 2 सितंबर, 1946 को अंतरिम सरकार बनी तो जवाहरलाल नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद को खाद्य और कृषि मंत्री के रूप में अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया।

# समय से पहले आया बौर आम का फसल चक्र गड़बड़ाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुगरासी (वसीम खॉन)।** मौसम में गर्मी समय से पहले जनवरी में ही आ गई तो सरसों गेंहू के बाद आम के फसल चक्र में भी दुष्प्रभाव दिखाई देने लगा।इस बार समय से पहले जनवरी में ही आम पर बौर दिखाई देने लगा। फरवरी माह में ही अधिकतर पेड़ों पर बौर आ गया है। किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिक भी काफी चिंतित हैं।

जनवरी में आया बौर तो कुछ दिन में ही नीचे गिर जायेगा।समय से पहले मौसम में गर्माहट आम गेंहू की सेहत को प्रभावित कर रहा है। सामान्यता मार्च के महिने में दिन गर्म होने पर बौर आता है परन्तु इस बार जनवरी माह में ही बौर दिखाई देने लगा है।वही फरवरी माह अधिकतर बागों में बौर आ गया है। समय से पहले आया यह बौर आम के लिये नुकसान दायक हो सकता है।रात से बिगड़े मौसम और हल्की बारिश पड़ने से हुई ठंड से चैंपा रोग के आसार बढ़ गये हैं। फरवरी के अंत में आया बौर ठीक है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समय से पहले आम के बौर का आना ठीक नहीं है। इसके लिये बागवानों को विशेष देखभाल करनी? पड़ेगी।

# माँ बेटी एवं अभिभावक मेला पीएमश्री सफलतापूर्वक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**पहासू ।** पहासू के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय त्यौरी में मां बेटी एवं अभिभावक मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवारानी ब्लॉक प्रमुख पहासू सुमन देवी ने की।

कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके बाद बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। मंचासीन अतिथियों ने मां बेटी एवं मातृशक्ति के बारे में अपने विचार रखे।कार्यक्रम में गुलाब सिंह पूर्व मेजर सूबेदार ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रामअवतार सिंह प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साबितगढ़ शुगर मिल ने लगातार गन्ना खरीद का सोलहवाँ भुगतान किसानों का भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ द्वारा गन्ना खरीद का भुगतान लगातार किया जा रहा है फिर से दिनाँक 12 फरबरी 2025 से 18 फरबरी 2025 तक का जो कि 19 करोड़ करोड़ 58 लाख 52 हजार है को सम्भन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना गन्ना किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है ।इस तरह लगातार गन्ने का भुगतान मिलने से सभी सम्भन्धित किसान खुश हैं और संतुष्ट भी । शुगर मिल द्वारा जब से पेराई सत्र 2024-25 की शरुआत हुई है तब से लगातार मिल द्वारा गन्ने का भुगतान किया जा रहा है ।इससे पूर्व का समस्त भुगतान पहले ही समय से किया जा चुका है । मिल के इकाई प्रमुख व ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि किसानों के गन्ने का भुगतान समय से करना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है जो निरन्तर बनी रहेगी । साथ ही उन्होंने सभी सम्भन्धित गन्ना किसानों से सहयोग की अपील की है कि वो अपना गन्ना अनयन्त्र न ले जाएं अपनी साबितगढ़ शुगर मिल को ही सप्लाई करें और आगे के लिए अपना गन्ने का सट्टा मजबूत करें ।

**आयोजन**

## बुलंदशहर में आयोजित 'शुक्रिया सभा' में वक्ताओं के विचार

# उर्दू भाषा मौहब्बत, भाईचारा और तहजीब की निगहबान है, उर्दू पत्रकारिता के विकास में अल जमीयत अखबार की अहम भूमिका

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अंतर्गत रिसर्च स्कॉलर साजिद अली को उर्दू में 'उर्दू पत्रकारिता और अखबार अल जमीयत' विषय पर पी एच डी की डिग्री प्रदान करने पर एक मुबारकबादी जलसे का आयोजन ऊपरकोट काली मस्जिद के मदरसा कासिमया अरबिया इस्लामिया में किया गया। जिसकी सदारत हाजी नूर मौहम्मद कुरैशी ने की और संचालन डॉक्टर जहीर अहमद खान ने किया।

जलसे का आगाज मस्जिद अहले हदीस के इमाम हाफिज शकील अहमद ने कुरान के पवित्र पाठ से किया और नाते पाक चाहत हुसैन ने पेश की। जलसे में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ इरशाद अहमद स्यानवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शुजातुल्लाह खान यालिश के स्वागतीय भाषण के बाद साहित्यिक संस्था बज्मे खुलूस ओ अदब के अध्यक्ष हाजी चौधरी खुर्शीद आलम राही ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ इरशाद स्यानवी आसमाने अदब के रोशन सितारे हैं। वह अपने खूने जिगर से उर्दू साहित्य को परवान चढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपने प्रयासों और मेहनत से उर्दू साहित्य को नई दिशा और दशा प्रदान की है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेजर डॉ मौहम्मद फाजिल, (डीपीएस स्कूल) ने उर्दू पत्रकारिता और अखबार अल जमीयत के संबंध में किताबों पर तल्खीस और तब्सिरा पेश करते हुए कहा कि हम डॉक्टर साजिद अली के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने तकरीबन तमामतर उपलब्ध मवाद से काम लेते हुए हवालों की रोशनी में सच्चाई को सामने लाने में बड़ी हद तक कामयाब कोशिश की है। उन्होंने शोध और विश्लेषण से उचित जायजा लिया है। इस लिए इस किताब के रूप में सिर्फ अलजमीयत पर ही नहीं पूरी उर्दू पत्रकारिता पर एक शानदार और काबिले कद्र कारनामा अंजाम दिया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ इरशाद से स्यानवी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ असलम जमशेदपुरी की सरपरस्ती में उर्दू विभाग ने डॉक्ट्रेट की डिग्री प्रदान की है। यह कार्य अपनी तरह का एक अहम और तहकीकी कारनामा है जिसे अलजमीयत की खिदमत पर एक कीमती दस्तावेज कहा जायेगा। उर्दू अखबारों का इतिहास, संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में अल जमीयत अखबार की अहम भूमिका और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे कहा के जो कौम अपने बुजुर्गों को भुला देती है उस कौम का नामोनिशान नहीं रहता। किताबें मंजरे आम पर आती हैं यह कोई बात नहीं, बात यह है कि इसके अंदर मौजूद मवाद से अवाम को क्या फायदा हुआ। उन्होंने उर्दू भाषा के विकास और सुरक्षा की जरूरत पर जोर देते हुए कहा के उर्दू मौहब्बत भाईचारे और प्यार की जबान है यह तहजीब की निगहबान है। इस भाषा की रक्षा के लिए सभी उर्दू वालों की जिम्मेदारी है। जलसे के सदर हाजी नूर मौहम्मद कुरैशी ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन पर अपने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हमें हर हाल में उर्दू को जिंदा व जावीद रखना है। अगर उर्दू खत्म हुई तो एक तहजीब, एक संस्कृति और एक युग का खात्मा हो जाएगा। हमें उर्दू की तालीम पर तवज्जो देनी चाहिए क्योंकि हमारा सारा साहित्यिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक व धार्मिक सरमाया उर्दू भाषा में ही महफूज है। उर्दू की शिक्षा ही उर्दू को जिंदा रख सकती है। उर्दू की बदहाली के लिए हम उर्दू वाले ही बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। उन्होंने किताबों के लेखक को मुबारकबाद पेश करते हुए आगे कहा कि इस मिशन को हमें आगे बढ़ाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। किताब के लेखक डॉक्टर साजिद अली ने इस मौके पर उपस्थित जनों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मेरी हौसला अफजाई उर्दू की हौसला अफजाई है। उन्होंने बताया कि किन किन कठिनाइयों और दुश्वारियां का सामना करते हुए यह काम अंजाम दिया गया है। इसके लिए वह लगातार कोशिश करते रहेंगे। उर्दू की तरक़्क़ी, तहाफ्फूज और पत्रकारिता अखबारात के लिए यह किताब एक प्रकाश पथ साबित होगी। जिससे हम और आने वाली नस्लें लाभप्रद हो सकती हैं। इस मौके पर किताब के लेखक और मेहमान ए खुसीसी का शाल पहना कर और बुके देकर स्वागत किया गया। जलसे के अध्यक्ष हाजी नूर मौहम्मद कुरेशी, मुख्य अतिथि इरशाद अहमद स्यानवी और डॉक्टर साजिद अली को मुस्लिम यूथ कन्वेंशन के बानी मुमताज सहाफी जावेद हबीब से मनसूब अवार्ड से नवाजा गया। जलसे में बड़ी तादाद में साहित्यिक, शैक्षिक सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तियों ने भाग लिया। जिनमें हाजी जावेद गाजी, इजलाल अहमद खान, आरिफ सैफी, मास्टर इलियास, मास्टर मौहम्मद अकरम, अब्दुल खालिक अंसारी, मौहम्मद सरदार बरनी ,एजाज अहमद, अब्दुल नाफे अंसारी, मौ अकरम, मास्टर मसूद आलम,, अख्तर इकबाल, डॉक्टर हसरत अली चौहान, मौहम्मद अफजल बर्नी, मोहम्मद यामीन अल्वी, शोएब कादरी, जुनैद अख्तर, डॉक्टर हसीब अहमद आमिर गाजी एडवोकेट के नाम उल्लेखनीय हैं। प्रसिद्ध शायर व शिक्षाविद् मकसूद जालिब ने उपस्थित जनों का आभार जताया।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वाधान में विजय सिंह पथिक स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम, प्रतिभाशाली छात्र छात्रों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा (बिलाल)।** दो दिवसीय कार्यक्रम क्रांतिवीर महान स्वतंत्रता सेनानी प्रबुद्ध लेखक प्रगतिशील विचारक प्रतिभाशाली कवि प्रखर पत्रकार निर्भीक क्रांतिकारी सफल जन आंदोलनकारी कुशल संगठन करता संपादक ओजस्वी वक्ता राजस्थान के जनक विजय सिंह पथिक का 144 वा जन्मदिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ विजय सिंह पथिक स्टेडियम ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वाधान में विशाल रूप में मनाया गया कार्यक्रम की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर यशवीर सिंह ने की। राष्ट्रीय कार्यकारी



अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्यक्रम संचालन करता अधिवक्ता राजकुमार नागर ने किया अनेक स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक एवं देश भक्ति से प्रेरित गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनेक स्कूलों के बच्चो की दौड़ की और रस्सी कस्सी की प्रतियोगिता का आयोजन किया और प्रथम,दितीय, तृतीय आये बच्चो को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया गुर्जर समाज के सभी प्रतिभाशाली बच्चे जो खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले उनको प्रशस्ति प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया । गुर्जर समाज के लोगों ने गौतमबुद्धनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार और धर्मवीर सिंह को पुष्प और शॉल , मोमेंटो दे कर सममित किया गया इसके अलावा कंगना कसाना नेशनल खिलाड़ ताइक्वांडो और गोल्ड मैडलिस्ट को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे दिनेश गुर्जर , ज़िले सिंह, शेर सिंह भाटी, इलम सिंह नागर, अजीत मुखिया , सुनील भाटी (कठेरा), अशोक भाटी , रामशरण नागर, ममता भाटी , ज्योति सिंह , सविता गुर्जर , नूतन भाटी , मानवीर नागर , शिवम् मावी, बलबीर आर्य , नीतीश नागर मौजूद रहे।

# हिंडन डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** ग्रेटर नोएडा के अंतगर्त बिसरख कोतवाली क्षेत्र में हिंडन डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसा है। लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पांच लोगों ने ग्राम के डूब क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई के बाद उसपर पुनः निर्माण कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना बिसरख के प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को लेखपाल मनवीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम के ग्राम सभा मे दर्ज गाटा संख्या 420, 461, 463, 467, 469, जो हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है पर 7 जनवरी वर्ष



2025 को नोएडा प्राधिकरण, राजस्व विभाग व पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया था। ध्वस्तीकरण के पश्चात इन गाटा संख्याओं पर पुनः निर्माण किया गया। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को उप जिलाधिकारी दादरी द्वारा नायब तहसीलदार व अन्य के साथ निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि यहां पर अवैध निर्माण हो रहा है। जिला प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से उसे ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने बताया कि यह निर्माण बबलू पुत्र देवपाल, संदीप पुत्र उदय पाल, देवेंद्र पुत्र डालचंद, शेरपाल पुत्र लक्ष्मण, विजेंद्र पुत्र झगडु आदि कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा 329(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 500 दुकानों के लिए12 हजार से अधिक ने किया है आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** सरकार की नई पॉलिसी से आबकारी विभाग को मोटा मुनाफा हुआ है। दुकान का आवंटन कराने के लिए लोगों के द्वारा जमकर आवेदन किया जा रहा है। सरकार के द्वारा आवेदन की लास्ट डेट एक दिन और बढ़ा देने से आवेदन की संख्या में इजाफा हो रहा है। 28 फरवरी को शाम 5 बजे तक लोगों के द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

ऐसे में जिले में विभाग को लगभग 70 करोड़ रुपये तक राजस्व मिलने की उम्मीद है। जिले में शराब की 500 दुकान है। सरकार की नई



पॉलिसी के तहत कई वर्ष बाद शराब की सभी दुकानों का नए सिरे से आवंटन होना है। इस कारण लोगों के द्वारा अच्छी रुचि दिखाई जा रही है। पूर्व में आवेदन की लास्ट डेट 27 फरवरी थी। सरकार ने इसे एक दिन बढ़कार 28 फरवरी कर दिया है।अंतिम समय तक 14000 आवेदन आने की उम्मीद है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार का कहना है कि दुकानों के लिए ई लॉटरी 6 मार्च को कलक्ट्रेट सभागार में निकाली जाएगी।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने AACSB प्रत्यायन के लिए आवेदन किया, क्षेत्रीय प्रमुख और टीम ने किया कैंपस का दौरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा (बिलाल)।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस प्रत्यायन के लिए आवेदन किया है और इस प्रक्रिया के तहत अअउरइ अधिकारियों का सफल दौरा आयोजित किया। इस टीम में दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रताप दास, कार्यकारी उपाध्यक्ष, मुख्य सदस्यता अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, अअउरइ इंटरनेशनल- डॉ. जिओफ पेरी (एशिया पैसिफिक) और प्रत्यायन प्रबंधक सोफिया पोह शामिल थे। AACSB प्रतिनिधियों ने यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संकाय सदस्यों और छात्रों से मुलाकात की और प्रत्यायन प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रत्यायन बिजनेस स्कूलों की विश्वसनीयता को बढ़ाता है और उद्योग जगत से उनकी प्रासंगिकता को मजबूत करता है।डॉ. जिओफ पेरी ने कहा, "AACSB बिजनेस स्कूलों की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। इस प्रत्यायन के जरिए पाठ्यक्रम की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है,




शिक्षण पद्धतियों में सुधार होता है और छात्रों, शिक्षकों एवं उद्योग जगत के बीच नेटवर्किंग के अवसर बढ़ते हैं। इस प्रमाणन के बाद बिजनेस स्कूल के छात्रों के नौकरी पाने की संभावना 96% तक बढ़ जाती है, वहीं संस्थान की प्रतिष्ठा और नामांकन दर भी बेहतर होती है।"इस सफल दौरे के आयोजन पर चांसलर डॉ. विक्रम सिंह ने कहा, "हम अपने संस्थान की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत हैं और विद्वानों एवं संगठनों के साथ सीखने और सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं।"वहीं, प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज ने ठक्व द्वारा हाल ही में प्राप्त NAAC A+ प्रत्यायन का उल्लेख करते हुए कहा, "हम अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं और छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने छात्रों की समस्या-समाधान क्षमता, प्रतिबद्धता और शिक्षाविदों में उनकी भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "हम छात्रों को भरपूर अवसर देते हैं, लेकिन उन अवसरों का सही उपयोग करना उनके ऊपर निर्भर करता है।" इस दौरे में डॉ. विक्रम सिंह (चांसलर), प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज (कुलपति), डॉ. मुकेश पराशर (रजिस्ट्रार), डॉ. एस. के. वर्मा (डीन, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट), डॉ. तान्या सिंह (डीन, अकादमिक) और डॉ. टी. ए. वानी (डीन, अनुसंधान एवं विकास) उपस्थित रहे।AACSB प्रत्यायन की दिशा में उठाए गए इस कदम से ठक्व के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। इससे छात्रों, शिक्षकों और उद्योग जगत के लिए नेटवर्किंग और सहयोग के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे सभी को सकारात्मक लाभ मिलेगा।

# ग्रेनो पब्लिक स्कूल का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** ग्रेनो पब्लिक स्कूल गुनपुरा के आठवे वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा बीएसए राहुल पवार यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेन्द्र भाटिया एवं ओएसडी शैलेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री जावेद अब्बदी पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर यमुना प्राधिकरण के ओएसडी मेहराम सिंह विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया एवं गौतमबुद्ध नगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की ।इस मौके पर गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया है ऐसे कार्यक्रम बच्चों में उत्साह भरने का काम करते हैं ।सभी माता पिताओं को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलानी





चाहिए और सभी को मन लगाकर पढ़ना चाहिए तभी देश तरक़्की करेगा और आपका गाँव परिवार और क्षेत्र भी तरक़्की करेगा ।बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है शिक्षा के क्षेत्र में जितना संभव हो सकेगा हर बच्चे की मदद करने का काम करेंगे शिक्षा सभी का अधिकार है। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने कहा कि एक बच्चे के शिक्षित होने में उसकी माँ का बड़ा योगदान होता है बच्चे की पहली पाठशाला माता पिता होते हैं जिसमें गुरुओं का बड़ा योगदान होता है सभी को अपने अचीवमेंट पाने के लिए बड़े सपने देखने होंगे तब आप आगे जाकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे । पूर्व मंत्री जावेद आब्दी एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने भी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं प्रेषित की ।कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर विकास प्रधान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में समय देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि स्वर्गीय नेताजी जतन भाटी ने जो सपना शिक्षा के क्षेत्र में देखा था उसको निरंतर आगे बढ़ाने का काम करेंगे और क्षेत्र की बेहतरीन के लिए स्कूल के डायरेक्टर लखन भाटी एवं प्रिंसिपल संगीता झा सहित उनकी टीम लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत मेहनत कर रहे हैं उच्च शिक्षा दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर सुखबीर प्रधान, वेद प्रधान ,नेमवीर सरपंच, नासिर प्रधान ,अमन ठाकुर ,लोकेश भाटी ,कृष्ण नागर ,आलोक नागर, शुभम चेची, भारत नागर ,नरेंद्र भाटी ,मनीष खारी, रमेश कसाना ,मनीष नागर अनुज नागर, नितिन अवाना, गोलू तंवर ,छोटू प्रधान ,सतीश नागर ,सीपी सोलकी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गांव व स्कूल के छात्रों में जागरूकता फैलाने के लिए 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत बिरौंडा जूनियर हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा (बिलाल)।** गांव व स्कूल के छात्रों में 100 दिनों टीबी अभियान के अंतर्गत आज दिनांक को बिरोंडा के जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में टीबी बीमारी से सम्बंधित पोस्टर में जिम्स हॉस्पिटल की पल्मोनरी विभाग की विभागाध्यक्ष डाक्टर रश्मि उपाध्याय,मेडिकल ऑफि सर डाक्टर अक्षयता गुप्ता,डॉट्स सेंटर





जागरूकता फैलाने के लिए 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत बिरौंडा जूनियर हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया` प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और बच्चो को टीबी के लक्षण , उपचार , रोकथाम और जाँच के बारे में जानकारी दी गयी । प्रतियोगिता इंचार्ज गौरव सक्सेना और प्रवीन भाटी , विद्यालय की प्रधानाध्यापक और समस्त अध्यापक उपस्थित रहे ।

# झांसे में रखकर लाखो की धोखाधड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कंपनी में निदेशक बनाकर लाखों रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो लोगों ने अपने झांसे में लेकर उसे अपनी कंपनी में शामिल रखा तथा उसके साथ धोखाधड़ी कर एक करोड़ 17 लाख 60 हजार रुपए हड़प्र लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसरख पुलिस ने बताया कि बीती रात को अभिषेक पांडे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि 30 जून वर्ष 2022 को उनकी मुलाकात अश्वनी राठौर तथा सर्वेश शर्मा के साथ हुई। पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उनसे कहा कि उन्होंने एक स्टार्टअप शुरू किया है। पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उसे अपने यहां डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया, तथा एक निश्चित सालाना धनराशि देने का आश्वासन दिया। पीड़ित के अनुसार उसने आर्थिक परामर्श एवं बैंकिंग क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर लगभग 13 वर्ष कार्य किया है। इस बात का फायदा उठाकर आरोपियों ने उसे अपनी कंपनी में शामिल किया तथा उसके कनेक्शन का फायदा उठाकर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से अनुबंध किया गया। पीड़ित के अनुसार अनुबंध होने के बाद आरोपियों को व्यवहार में बदलाव आ गया। जब उसने कहा कि आप अपनी कंपनी में निदेशक होने का मेरा प्रमाण पत्र दे दो इन लोगों ने आना-कानी करनी शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी करके उसके मेहनताना के एक करोड़ 17 लाख 60 हजार रुपए हड़प लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी करके उसके मेहनताना के एक करोड़ 17 लाख 60 हजार रुपए हड़प लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है**

# श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा (बिलाल)।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सेक्टर 130, नोएडा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को भव्य रूप से मनाया गया।इस अवसर पर छात्रों द्वारा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न शाखाओं के वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए, जो उनकी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को दशार्ते हैं।इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि अभिषेक पांडे और दिनेश, जो प्रसिद्ध उद्यमी और उद्योगपति हैं, के साथ-साथ इरम फातिमा, (प्राथमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षकों की मेहनत व समर्पण की प्रशंसा की, जिन्होंने इस विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाया।इस







आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण नासा/एनएसएस स्पेस सेटलमेंट प्रोग्राम में भाग लेने वाले छात्रों का सम्मान था। इन छात्रों ने "स्पेस में स्वस्थ जीवन" विषय पर अपनी परियोजना प्रस्तुत की, जिसने उत्तर प्रदेश जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथियों ने इन होनहार विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे उनकी उपलब्धि को मान्यता मिली।यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य इश्राक, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. परवेज अहमद और डीन लक्ष्मी नारायण के कुशल नेतृत्व और विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से पूरी तरह सफल रहा। उनकी मेहनत और समर्पण ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और संगठित बनाया।श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में आयोजित इस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह ने छात्रों में वैज्ञानिक खोज की भावना को प्रज्वलित किया और अनुसंधान व नवाचार के महत्व को मजबूत किया, जो भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**बैठक** | विद्यालयों में कायाकल्प कार्य की नियमित की जाए मॉनिटरिंग

# स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जाए विशेष ध्यान:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** सरकारी स्कूलों में यदि छात्रों की उपस्थिति कम होती है तो उसके लिए स्कूल के अध्यापक जिम्मेदार होंगे। अध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिया है कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के वर्तमान तक के कार्यों की प्रगति के बार में डीम को अवगत कराया गया।डीएम ने कहा जनपद के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प का कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराएं। जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य चल रहा है निरंतर उनकी मॉनिटरिंग की जाए ताकि गुणवत्ता परक रूप से कार्य पूर्ण कराया जा सके। डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्कूलों में अध्यापकों के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि कराई जाए। अध्यापकों के द्वारा




अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाए की प्रतिदिन बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि वह मॉनिटरिंग करते हुए ऐसे स्कूलों के अध्यापकों से स्पष्टीकरण ले जहां पर बच्चों की उपस्थिति कम है। निर्देश दिए कि जनपद की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा से सम्बन्धित योजनाओं का शत-प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं तक लाभ पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनपद शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैंकिंग में अग्रणी स्थान बना सकें। कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को जो मिड डे मील उपलब्ध कराया जा रहा है उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# बाबा गुलाब शाह रहमतुल्ला आलिही का 12 वां सालाना उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** कस्बे मे बाबा गुलाब शाह रहमतुल्ला आलिही का 12 वां सालाना उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया !प्रोग्राम मे मुख्य अतिथि मोहम्मद अंसार खां उस्मानपुर ने फीता काट कर प्रोग्राम का उद्धघाटन किया! वही जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह व समस्त पुलिस स्टाप के साथ मौजूद रहे पुलिस स्टाफ का पुष्प मालाओं के साथ स्वागत किया गया! उर्स कमेटी के सदर नसरुद्दीन खां ने बताया की ये बाबा गुलाब शाह रहमतुल्ला आलिही का सालाना उर्स 12 वर्ष से लगातार चला आ रहा है और इस बार ये 12 वां उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके मिलाद शरीफ व कब्बाली का प्रोग्राम चला इस मौके पर सदर नसरुद्दीन खां , जाने आलम नूरी , साबिर आलम हनफी, हाजी रियाजुद्दीन अंसारी ,शाहरूख इदरीसी, अब्दुल वाहिद, नियाज मोहम्मद, अहमद समीर कव्वाल, कासिम खां,मास्टर साहिद, मास्टर, जाहिद आदि समस्त उर्स कमेटी मौजूद रहे।



# नगर पंचायत चेयरमैन ने किया 1.5 करोड़ की लागत के कार्यों का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर।** जेवर नगर पंचायत चेयरमैन नारायण माहेश्वरी ने शुक्रवार को कस्बे मे 1.5 करोड़ की लागत के कार्यों का शुभारंभ किया। चेयरमैन पहलवान नारायण माहेश्वरी ने बताया कि कस्बे मे लगातार विकास किया जा रहा है, जो उन्होंने जनता से वादा किया था वह उसको पूरा कर रहे हैं। कस्बे मे दो साल मे करीब 20 करोड़ की लगात से विकास कार्य कराये जा चुके हैं। 190 सड़कों का निर्माण कार्य हुआ है और जल्द ही सौ और सड़को का निर्माण कार्य कराया जायेगा। नगर पंचायत मे राज्य वित्त व 15वा वित्त से प्राप्त धनराशि लगभग 1.5 करोड़ की लागत के शुक्रवार को कस्बे मे 6 नई बन रही सड़कों का शुभारम्भ किया। वही वैना रोड स्थित प्राइमरी स्कूल खस्ता हाल हो रहा था, जिसकी शिकायत लेकर वहां के लोग उनके पास पहुंचे थे, जिसपर उन्होंने प्राइमरी स्कूल मे नल, सबमर्सिबल, पीने के पानी की टंकी, टाइल्स, बाउंड्री, प्लास्टर, नए कमरे, पेड़ पौधे आदि कार्य कराये और इसका भी शुक्रवार को लोकापर्ण किया गया। स्थानीय लोगो नें नगर पंचायत चेयरमैन का ढ़ोल नगाड़े बजाकर, फूल मालाओं से व पगड़ी बांधकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर शेरसिंह, रामवीर सिंह जोशी, पदम सिंह, राजकुमार चौधरी, योगी शर्मा, चौकडात आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।






# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये। उन्होने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें, नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाएं। उन्होने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीओ निर्वाचन हरीकिशन शर्मा सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारियों सहित मनोज कुमार बहुजन समाज पार्टी, सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी, राजेन्द्र शर्मा कांग्रेस उपस्थित रहे।



# राजनगर रेजीडेंसी, राजनगर एक्सटेंशन में सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद के सौजन्य से अग्रवाल सेवा समिति द्वारा आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** फ्री सैनेट्री पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वज किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि "प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन की ओर एक पहल" कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष से भी ज्यादा समय से प्रत्येक माह राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसाइटीज में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम राजनगर रेजीडेंसी में अग्रवाल सेवा समिति, आशियाना पाम कोर्ट में सारथी क्लब और प्लैटिनम 321 सोसाइटी में सेवा भारती महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक वंचित परिवार की बहनों को उनकी आवश्यकतानुसार 100 से भी ज्यादा सैनेट्री पैड वितरित किए गए। इसके अलावा, सेनेटरी पैड को इस्तमाल करने के फायदे और उचित निस्तारण के बारे में भी बताया गया।कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को राजनगर रेजीडेंसी में सफल बनाने में रेणुका गुप्ता, टीम लीडर, रैनी अग्रवाल और निधि सिंघल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस नेक कार्य को आयोजित करने के लिए मेंटेनेंस इंचार्ज हर्ष चौधरी प्रत्येक महा रॉयल क्लब हाउस में उचित व्यवस्था करवाते हैं जिसके लिए सेवा भारती उनकी सराहना करती है।

यदि अन्य कोई सोसाइटी अपने यहां भी वंचित महिलाओं के लिए वितरण कार्यक्रम आयोजित करना चाहते हैं तो हमसे संपर्क कर सकते हैं। अग्रवाल ने बताया कि आगामी 4 मार्च को सेवा भारती महानगर गाजियाबाद के सौजन्य से स्टार रामेश्वरम सोसाइटी में 100 से भी ज्यादा मैड्स और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सेवा भारती महानगर गाजियाबाद के वरिष्ठ पदाधिकारी शुभ्रा जैन उपस्थित रहेंगी एवं विषय पर व्याख्यान भी देंगी।



# एल्बम साँग 'रोला बहु का' लाँच, कलाकार व पत्रकार किये गये सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** मार्किट के जेएसबी पार्टी हाल में गौरव भाटी लड़पुरा प्रॉडक्शन हाऊस के बैनर तले बनी न्यू एल्बम साँग 'रोला बहु का' लाँच हुआ। इस एल्बम साँग की लंन्चिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोड्यूसर सचिन ढेडा व अभिनेता मॉडल राधे गुजर ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित करके किया। एल्बम सॉन्ग के लीड एक्टर गौरव भाटी लडपुरा व लीड एक्ट्रेस पूजा यादव ने अपनी जबरदस्त परफॉरमेंस देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एल्बम सॉग रोला बहु का गीत के गायक निपुन छायसेवाला व गीतकार गौरव भाटी हैं। एल्बम लॉन्चिंग समारोह में प्रोडूसर सचिन ढेड़ा, मुख्य कलाकर पूजा यादव व गौरव भाटी, सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर अश्वनी सिंह आदि ने वरिष्ठ पत्रकार विमल कुमार, सुदामा पाल सहित कई कलाकारों व अतिथियों को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन रेडियो टीवी एंकर राम यादव व हिमांशु ने किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुख्य रुप से अमित वर्मा, शशांक सिंह, संजय राणा, अमित गर्ग, नेहा, राहुल भाटी, जोगिन, बाईवी गुर्जर, हर्ष भाटी, अंकित वालिया, मंजू शर्मा, रेखा कश्यप, अन्नू तोमर, दीया यादव आदि थे।





# एम0एल0सी0 दिनेश कुमार गोयल द्वारा ग्रीन बैल्टों को कब्जा मुक्त कराने एवं श्री गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालिज में शिक्षिकाओं की नियुक्ति मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विधान परिषद के सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा विधान परिषद में मांग करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति सजग और सचेष्ट है। कुम्भ के आयोजन के बाद समापन पर स्वच्छता का संदेश देने का काम करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिभा जाहित की है किन्तु प्रदेश भर मे बदहाल ग्रीन बेल्टों के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। गाजियाबाद हो या राजधानी लखनऊ अथवा प्रदेश के अन्य महानगर सभी जगहों पर ग्रीन बैल्टों का बुरा हाल है ग्रीन बैल्टों के नाम पर छोडे.गये स्थानों पर अतिक्रमण हो रहे है। जिसके कारण एक्यूआई 400 तक भी पहुँच जाता है। धार्मिक स्थल व दुकानों के नाम पर जगह-जगह ग्रीन बेल्ट के उपर कब्जे किए हुए है। इसलिए लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर प्रदेश के महानगरों में चिन्हित समस्त ग्रीन बेल्टों को कब्जा मुक्त कराने तथा उनके रखरखाव के लिए अलग से फंड तथा स्टाफ की व्यवस्था कराने हेतु सदन के समक्ष वक्तव्य की मांग की ल साथ ही गाजियाबाद में श्री गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालिज लोहिया नगर जोकि वित्तीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विधालय है इस विधालय में लगभग-2500 छात्राएं शिक्षारत है।

मात्र दो शिक्षिकाएं ही छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रही है। अगर ये दोनों शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हो जाती है तो इस विधालय को वित्तीय सहायता समाप्त हो सकती है। सिख समुदाय का यह एक मात्र विधालय है कई वर्षो से इस विधालय में शिक्षिकाओं की नियुक्ति नही की गयी है। इसलिए लोक महत्व के इस विषय पर श्री गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालिज लोहियानगर में छात्राओं के उज्जव भविष्य का देखते हुए नियमित शिक्षिकाओं की नियुक्ति कराने हेतु सदन से वक्तव्य दिलाने की मांग की।



# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप पहुंचे। प्रेस वार्ता के दौरान महामंत्री पप्पू पहलवान, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल, कार्यक्रम संयोजक सुशील गौतम बॉबी त्यागी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद उदित मोहन, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर आदि मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है।यह भारतीयों के सपनों को पूरा करते हुए विकसित भारत मिशन के लिए लाया गया बजट है। केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला साबित होगा। नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर स्लैब लागू नहीं होना मध्यम वर्ग को सीधा लाभ देगा। आगे मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि हर शहर हर गांव और हर घर में उद्यमी तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा लोन के तहत बिना गारंटी वाले ऋण सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख कर दिया है,जिससे छोटे कारोबारी,महिलाओं, दलित, पिछड़ों और वंचितों को काफी लाभ होगा। केंद्रीय बजट ने समाज के हर वर्ग को शक्ति प्रदान की है।यह गांव के गरीब किसानों को समृद्धि की राह पर ले जाएगा।

गरीबी उन्मूलन और गरीबों के सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों के लिए 3 करोड़ घरों और जनजातीय उन्नत ग्राम के साथ 5 करोड़ जनजाति परिवारों की बुनियादी सुविधाओं से जोड़ेगा। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना 25 हजार ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ेगा,जिसका लाभ आम जनों को मिलेगा।आगे उन्होंने बजट को महिलाओं,किसानों,शिक्षा नीतियों एवं युवाओं में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने वाला बजट बताया। प्रेस वार्ता का संचालन महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने किया।




# मानवाधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता ने न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज गाजियाबाद से आरटीआई में मांगी सूचना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज (गाजियाबाद) श्री राजेश सिंह चौहान के द्वारा सात 07-08-24 को जनपद न्यायालय गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया था, जिसमें बार एसोसिएशन के द्वारा जीडीए की हरनंदीपुरम टाउनशिप में जिला न्यायालय/अधिवक्ताओं के चेंबर हेतु 50 एकड़ भूमि तथा जनपद गौतमबुधनगर में संचालित दो कामर्शियल कोर्ट में से एक कोर्ट गाजियाबाद को दिलाए जाने के संबंध में रखे गए प्रस्ताव को जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के द्वारा प्रशासनिक जज गाजियाबाद को पत्र प्रेषित किया गया था ।

मानवाधिकार कार्यकर्ता एडवोकेट विष्णु कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा प्रशासनिक जज गाजियाबाद को आरटीआई एक्ट के अंतर्गत उक्त दोनों प्रस्तावों पर की गई कार्यवाई की सूचना देने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें निवेदन किया गया है कि जनपद न्यायालय में लगभग 5000 अधिवक्ता कार्यरत हैं, जिनमें से लगभग 3500 अधिवक्ताओं के पास चेंबर नहीं होने से उन्हें अपने विधिक कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । चेंबरविहीन अधिवक्तागण या तो अन्य अधिवक्ताओं के चेंबर में बैठकर अथवा सड़क किनारे कुर्सी/मेज डालकर वकालत कर रहे हैं । अधिवक्ताओं के पास अपने चेंबर न होने से उनको फाइनल रखने को जगह नहीं मिल पा रही है तथा रोजाना घर ले जाना व लाना पड़ता है एवं जनपद गौतमबुद्ध नगर के कस्बा कासना में संचालित कामर्शियल कोर्ट की गाजियाबाद से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी होने के कारण जनपद गाजियाबाद के वादकारियों को कासना जाने पर आर्थिक, मानसिक व शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और समय भी खर्च होता है, जबकि हमारे संविधान, न्यायपालिका व सरकार की अवधारणा आम जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाना है ।



पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा की टीम ने हापुड़ में "बैलेट पेपर से जनमत संग्रह" करवाया हापुड़-दिल्ली बाईपास पर स्थित चौधरी तनवीर रिसोर्ट में आज यहां की जनता ने जनमत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मोर्चा की तरफ से केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी, संगठन मंत्री ओमवीर वीरवाल, विजय चौधरी और हापुड़ की टीम जिसकी अध्यक्षता तनवीर सिंह ने की। जनमत बड़े ही शांतिपूर्वक तरीके से हुआ । **छाया:- बुलन्द संदेश**

# मोनाड विश्वविद्यालय में स्वयं एनपीटीईएल और अपार आईडी जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मोनाड विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्वयं एनपीटीईएल जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के एकीकरण को समझाना था। कार्यशाला का शुभारम्भवि०वि० के प्रत्तिकुलाधिपति डॉ० एनके सिंह, कुलपति डॉ० मोहम्मद जावेद, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो० योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ० जयदीप कुमार, उपकुलपति (एडमिशन) रोहित 'शर्मा एवं मुख्य वक्ता प्रो० वैभव शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वि०वि० के कुलपति प्रो० (डॉ०) मोहम्मद जावेद एवं उपकुलपति (अकादमिक) प्रो० (डॉ०) जयदीप कुमार ने मुख्य वक्ता प्रो० वैभव शर्मा को प्लांट सैपलिंग एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।




**गिरफ्तार** — क्राईम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा वर्ष-2023 मे पेशी के दौरान कचहरी परिसर गाजियाबाद से फरार 01 लाख रू0 का पुरूस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार

# वर्ष 2016 में थाना क्षेत्र खोडा में नौशाद ने अपनी साली के हत्या कर दी थी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला जेल में निरूद्ध था। अभियुक्त नौशाद दिनाँक-18,10,2023 को माननीय न्यायालय गाजियाबाद के तलबी आदेशानुसार जिला कारागार डासना गाजियाबाद से पेशी हेतु कचहरी सदर हवालात गाजियाबाद लाया गया था। मुख्य आरक्षी शाहनवाज तैनाती पुलिस लाईन द्वारा बन्दी नौशाद को माननीय न्यायालय में पेश करने हेतु ले जाया गया था परन्तु काफी समय होने के बाद भी मुख्य आरक्षी शाहनवाज बन्दी नौशाद को वापस सदर हवालात नही लाया इस पर लोकअप मोहर्रिर सदर हवालात द्वारा जब मुख्य आरक्षी से जरिये मोबाइल सम्पर्क कर विलम्ब का कारण पूछा गया तो मु0आ0 शाहनवाज ने बताया कि बन्दी नौशाद फरार हो गया है। इस पर न्यायालय परिसर मे लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गयी तो मुख्य आरक्षी शाहनवाज बन्दी नौशाद को न्यायालय परिसर से बाहर ले जाता हुआ दिखाई दिया । जिसके सम्बन्ध मे थाना कविनगर पर मु0अ0स0-944/23 धारा-223/224 भादवि पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त नौशाद की गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था। दिनाँक-27,02,2025 को क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अभियुक्त नौशाद को थाना कविनगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की गयी है । गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो वर्ष 2019 में भी माननीय न्यायालय परिसर गाजियाबाद से पेशी के दौरान फरार हो गया था जिसकी गिरफ्तारी पर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रू0 25,000/- का पुरूस्कार घोषित किया गया था। वर्ष 2020 में गिरफ्तारी के बाद से उपरोक्त अभियुक्त नौशाद जिला कारागर डासना गाजियाबाद में निरूद्ध था जो वर्ष 2023 मे पुनः माननीय न्यायालय परिसर गाजियाबाद से पेशी के दौरान फरार हो गया था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त गाजियाबाद द्वारा दिनाँक-12,06,2024 को रू0 01 लाख का पुरूस्कार घोषित किया गया था। पूछताछ पर अभियुक्त नौशाद ने बताया कि वह 12वीं तक पढा है और उसने कम्प्यूटर रिपेयरिंग का काम सीखा था ' दिनाँक-13,08,2016 को नौशाद ने अपनी साली की अपने घर पर हत्या कर दी थी जिसमें वह जेल चला गया था।

जेल से न्यायालय मे पेशी के दौरान दिनाँक-07,08,2019 को वह सिपाहियों को चकमा देकर भाग गया था जिसकी गिरफ्तारी पर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नें 25,000 रू0 का नगद पुरूस्कार घोषित किया था। दिनाँक-04,01,2020 को एसटीएफ द्वारा नौशाद को गिरफ्तार कर पुनः जेल भेज दिया गया था ।

तभी से नौशाद जिला जेल डासना गाजियाबाद में निरूद्ध था । जेल से माननीय न्यायालय पेशी पर दिनाँक-18,10,2023 को लाये जाने पर न्यायालय में पेशी के बाद नौशाद ने अपने साथ पेशी हेतु ड्यूटी पर लगे है0का0 शाहनवाज को कुछ सामान लेने हेतु न्यायालय के गेट से बाहर चलने को कहा बाहर निकलते ही वह है0का0 शाहनवाज को चकमा देकर फरार हो गया था। पेशी से फरार होने के बाद नौशाद दिल्ली गया और वहां से ट्रेन द्वारा मुम्बई चला गया मुम्बई में फलों की मण्डी में मजदूरी करने लगा और बान्द्रा में झुग्गी मे रहने लगा । वहाँ पर करीब 6-7 माह काम करने के बाद दिल्ली आया और गौतमपुरी बदरपुर में रहने लगा ।

नौशाद ने यह भी बताया कि उसने कम्प्यूटर का काम सीख रखा था वह नेहरू पैलेस दिल्ली में कम्प्यूटर रिपेयरिंग के काम को करके अपना गुजारा कर रहा था। फरारी के दौरान गिरफ्तारी से बचने के लिए नौशाद अपने किसी भी रिश्तेदारों या जानने वालो से कोई सम्पर्क नही रखा रहा था। पता-1.नौशाद पुत्र मेहरबाव निवासी लोक प्रिय विहार थाना खोडा गाजियाबाद मूल पता ग्राम सदरपुर थाना बहादुरगढ जनपद- हापुड उम्र करीब 37 वर्ष अभियुक्त नौशाद के विरूद्ध गाजियाबाद में 06 अभियोग पंजीकृत है।



# ग्रेटर नोएडा में देखिए इंडिया गेट और आईरन मैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** विभिन्न फूलों की सुंदरता का आनंद लेने के लिए सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) पुष्पोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 2 मार्च तक चलेगी। पुष्पोत्सव में फूलों से ही विभिन्न आकृति तैयार की गई है। प्रदर्शन में स्कूल, कॉलेज, सोसायटी व अन्य के द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है। शुक्रवार को एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस सहित अन-?य लोग मौजूद थे। इस वर्ष का पुष्पोत्सव की थीम गेंदा फूल (मैरीगोल्ड) है, जो सकारात्मक तथा शांति का प्रतीक है।सम्राट मिहिर भोज पार्क में लगभग 5 एकड़ में फूलों की विभिन्न प्रजातियां, खूबसूरत पुष्प डिजाइन, लैंडस्केपिंग और सजावट की गई है। पुष्पोत्सव के दौरान लाइव संगीत, नृत्य-कला, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। तीनों दिन शाम 7 से 9 बजे तक विशेष लाइट एंड साउंड शो प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षणों में फूलों से बनी भगवान बुद्ध की प्रतिमा, इंडिया गेट का मॉडल तथा पशु-पक्षियों के फूलों से बने मॉडल शामिल हैं। पुष्प प्रदर्शनी में फूल, सजावटी पौधे, बीज, गमले और अन्य बागवानी उत्पादों की 65 से अधिक दुकानें लगाई गई हैं। जहां लोग अपनी पसंद के फूल और पौधे खरीद सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सिटी पार्क रात 9 बजे तक खुला रहेगा।







# गलगोटिया विश्वविद्यालय ने वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर बढ़ाया एक महत्वपूर्ण कदम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** गलगोटिया विश्वविद्यालय को इस बात पर बहुत गर्व है कि उसने प्रतिष्ठित एएसीएसबी (एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस) टीम की मेजबानी की। यह यात्रा विश्वविद्यालय की वैश्विक शिक्षा मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित एएसीएसबी प्रतिनिधियों-डॉ. जियोफ पेरी, सुश्री सोफिया पोह और श्री प्रथाप दास-का स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ।

उन सभी प्रतिनिधियों के बहुमूल्य सुझावों और महत्वपूर्ण मार्गदर्शन ने गलगोटिया विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुनील गलगोटिया, सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया और संचालन निदेशक सुश्री आराधना गलगोटिया ने एएसीएसबी टीम का बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने एएसीएसबी टीम के मार्गदर्शन को विश्वविद्यालय की वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक बताया। विश्वविद्यालय के




कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने कहा, ह्लहमें एएसीएसबी टीम की इस महत्वपूर्ण यात्रा से अत्यधिक सम्मान प्राप्त हुआ है। उनकी गहन अंतर्दृष्टि और रणनीतिक सुझाव हमारे अकादमिक ढांचे को और मजबूती प्रदान करेंगे। उनके महत्वपूर्ण सुझाव हमारे पाठ्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने, संकाय विकास को सुदृढ़ करने और छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने में सहायता करेंगे। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय का उद्देश्य एक ऐसा शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है जो वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप हो और छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करे। एएसीएसबी टीम का यह दौरा हमारी अंतरराष्ट्रीय मान्यता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने आगे कहा कि उच्च शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। गलगोटियास विश्वविद्यालय अनुसंधान, नवाचार और उद्योग-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। एएसीएसबी टीम का यह दौरा विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के हमारे प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# ग्राम पिपलेहड़ा बैठा है बारूद के ढेर पे, व्यापक स्तर पर होती है गैस रिफलिंग कभी भी हो सकता है ब्लास्ट, मूक बना प्रशासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना क्षेत्र अंतर्गत यूपीएसआईडीसी चौकी के गांव पिपलेहडा में मसूरी मार्ग पर दर्जनों की संख्या में गैस सिलेंन्डर रिफलिंग की खुली है । को दुकान लगातार बड़ी दुर्घटना को न्योता को दे

## सोशल मीडिया पर डांस कर गैस रिफलिंग दुकान का किया जा रहा है प्रचार

रही है । रिफलिंग भी नियमो को ताक पर रख की जाती है। जिससे वृहत इस आबादी क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है । लेकिन संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन का मौन लोगो को डरा रहा है।

क्षेत्र के गांव पिपलेहड़ में दुकानों पर खुले आम गैस सिलेंन्डर रिफलिंग का कार्य बड़ी तेजी से फल फूल रहा है । यही नहीं सोशल मीडिया पर डांस कर इन रिफलिंग दुकानों का प्रचार भी किया जा रहा है । लेकिन प्रशासन को ये सब दिखाई नही दे रहा हैं । इसी तरह कस्बा धौलाना में ये धंधा चर्म पर है जो लगातार बड़ी आबादी के लिए गैस बम के रूप में को खुली मौत की दावत दे रहा है । कई गैस गाड़ियां रोजाना सुबह के टाइम इन दुकानदारों को गैस सिलेंन्डरो को देकर जाती है । जहां से यूपीएसआईडीसी फैक्ट्रीयो में सप्लाई किए जाते हैं । गैस सिलेंडर ब्लैक कर ये



रीफलिंग बम किंग माफिया मोटी रकम तो कमाते ही है साथ ही खुले आम गैस बम लेकर आबादी में बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर गैस भर बड़ी दुर्घटना कर सकते है । नाम ना छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में इस तरह की कई घटना घटित हो चुकी हैं। परंतु प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है । लोगो की मांग है प्रशासन तत्काल इस और ध्यान देकर कार्रवाई करें । वही मामले में धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने जांच करा कार्रवाई की बात कही है ।

# मिलावटी खाद्य पदार्थ में धर पकड़ अभियान शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** जनपदवासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण एवं त्वरित गति से लागू कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी ने विगत दिवसों में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी प्रवर्तन कार्यवाही से जिलाधिकारी को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी होली पर्व एवं नवरात्रो को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में विशेष अभियान संचालित करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम



से जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सैंपलिंग की जाए, ताकि जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान चला कर कुट्टू के आटे के नमूने भी संग्रहित करें। साथ ही निर्देश दिए कि संग्रहित किए गए सैंपल में प्रयोगशाला से मिलावट सिद्ध होती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाए जाने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में मिलावट खोर सक्रिय न रहे, इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# स्कूल एवं कॉलेजों को देना होगा नशा मुक्त कैंपस का शपथ पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक निर्देश दिया कि लोगों को नशे से दूर रखने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए। अभियान में स्कूल, कॉलेज, सोसायटी, विभिन्न संगठन व अन्य लोगों का सहयोग लिया लाए। कहा आज के समय में सबसे बडी चुनौती युवाओं को नशे से बचाना है, इसके लिए जनपद में नशा मुक्ति अभियान संचालित करते हुये युवाओं को जागरूक किया जाए। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने की अब तक हुई कार्रवाई से डीएम को अवगत कराया। डीएम ने कहा कि नशीले पदार्थों के श्रोतों पर




रोकथाम लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर पुलिस के साथ जनपद में संचालित छात्रावास एवं पीजी में औचक रूप से निरीक्षण करें। जांच करें कि वहां पर कोई भी नशे की एक गतिविधियां संचालित न हो। रहने वाले छात्रों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक बनाया जाए। जनपद के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों से शपथ पत्र ले कि उनका कैंपस पूरी तरह नशा मुक्त है। शपथ पत्र देने वाले स्कूल व कॉलेजों को सम्मानित भी किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी कॉलेजों में मासिक रूप से नशे की गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया जाए।

# कनिया कल्याणपुर से भक्तों का दल पैदल यात्रा के साथ मेहंदीपुर बालाजी के लिए रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली ब्लाक के गांव कनिया कल्याणपुर से मन में श्रद्धा और आस्था का सैलाब लेकर प्रत्येक वर्ष

## भक्तों का यह दल 8 मार्च को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेगा

की भांति इस वर्ष भी गांव कनिया कल्याणपुर से भक्तों का दल पैदल यात्रा के साथ मेहंदीपुर बालाजी के लिए रवाना हुआ। आपको बता दें कि सिंभावली ब्लॉक के गांव कनिया कल्याणपुर से प्रत्येक वर्ष मन में आस्था का सैलाब लेकर पैदल यात्रा करते हुए श्रद्धालु मेहंदीपुर बालाजी पहुंचते हैं। जिसको लेकर इस वर्ष भी छपकोली में स्थित प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद यह दल मेहंदीपुर



बालाजी के लिए रवाना हुआ। जो कि मेहंदीपुर वाले बालाजी के भक्तों का यह दल 8 मार्च को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेगा। इस मौके पर पंडित मोहन शर्मा, अजय कुमार शर्मा, नरेश कुमार कंसल ,पल्लव शर्मा, विजेंद्र पाल ,मनोज कंसल ,गौरव सिंह,शिवम शर्मा ,गोपाल कंसल, नंदकिशोर त्यागी, राजीव कश्यप, अमरपाल सिंह ,साधू सिंह,लीलू सिंह ,वीरेंद्र शर्मा,रामदेव शर्मा, सुभाष पाल,प्रदीप त्यागी ,रणवीर सिंह,सुंदर गिल ,आयुष त्यागी, इत्यादि भक्त शामिल रहे।

**जायजा**

## विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं से युक्त होगी कंपनी बाग की लाइब्रेरी : नगर आयुक्त

# कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को निगम बना रहा हाईटेक, नगर आयुक्त ने लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त के द्वारा कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है, नई सोच के साथ नगर आयुक्त द्वारा जहां शहर के विकास कार्यों को रफ्तार दी जा रही है वहीं विद्यार्थियों के लिए भी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को हाईटेक बनाया जा रहा है जिसका निरीक्षण टीम के साथ किया गया मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहेल नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कंपनी बाग लाइब्रेरी में विद्यार्थियों द्वारा कई समस्याओं का सामना किया जा रहा था विद्यार्थियों से हुई चर्चा के क्रम में प्लानिंग करते हुए उक्त लाइब्रेरी को आधुनिक बनाया जा रहा है जिसमें एक समय में 40 से 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से कमरा बनाया गया है प्रकाश युक्त लाइब्रेरी बनाई गई है जिसमें लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ




पूरी लाइब्रेरी को एयर कंडीशन बनाया जा रहा है, शौचालय की भी व्यवस्था को बेहतर करते हुए आधुनिक व्यवस्था की गई है जिसमें विकलांगों के लिए, महिलाओं के लिए, तथा पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं, लाइब्रेरी को बारकोड से जोड़ा जाएगा अलग से कंप्यूटर लग भी बनाई जाएगी तथा पूरी लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा भी रहेगी इस प्रकार विद्यार्थियों की सभी आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है मौके पर स्ट्रक्चर कंप्लीट हो चुका है आगामी तीन माह में लाइब्रेरी पूर्ण रूप से आधुनिक बन जाएगी शुभारंभ कराया जाएगागा जियाबाद नगर आयुक्त लगातार शहर में विकास कार्य तथा खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं वहीं नगर आयुक्त ने विद्यार्थियों के बारे में भी अपनी प्लानिंग को धरातल पर लाया है जिसमें कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को आधुनिक बनाया जा रहा है जो की पूर्ण रूप से वातानुकूलित होगी सभी किताबों को भी ऑनलाइन उपलब्ध करने की तैयारी चल रही है, शहर वासियों को विद्यार्थियों को लाभ पहुंचेगा लाइब्रेरी को आधुनिक बनाने का कार्य सराहनीय है, निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा वहां पढ़ाई कर रहे बच्चों से भी वार्ता करते हुए मोटिवेट किया गया।

# संदिग्ध परिस्थिति में पंखे पर लटका मिला महिला का शव, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली गंगा विहार कालोनी गुरुवार की देर शाम मकान के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में महिला का शव पंखे पर



लटका मिला है। थाना प्रभारी ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रोहित मूलरूप से सैना गांव का रहने वाला है। वर्तमान में अपने परिवार के साथ गंगा विहार कालोनी में रह रहा है।वही गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। गुरुवार को 31 वर्षीय अंजलि अपनी दो वर्षीय बच्चें के साथ घर पर थी। बंद कमरे से बच्चें के रोने की आवाज पर अन्य परिजनों ने कमरे में झांक कर देखा, तो महिला फंदे पर लटकी हुई थी।जिसे देख घर में मौजूद महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर आस-पास लोग इकट्ठा हो गए।उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहली पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। उसके बाद अंजलि से शादी की थी।वहीं महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वही शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।इस मामले में मृतिका मायके में सूचना दे दी गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD FARMAN से बदल कर MOHD. FARMAN कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मौ0 फरमान पुत्र लियाकत अली**
2058/3 मजीदपुरा,
हापुड़, जनपद हापुड़

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम MUHSINA से बदल कर MOHSINA PARVEEN कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

मोहसिना परवीन पत्नी मौ0 फरमान
2058/3 मजीदपुरा, हापुड़,
जनपद हापुड़

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# ललचाई नजरों से मांसाहार के लिए आतुर



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

आप सभी के भी ऐसे दोस्त व रिश्तेदार होंगे जो किसी शादी या नये साल के दावत में चिकन-मटन न मिलने पर ऐसा कहते हों,'क्या घास-कूड़ा खिला दिया। औसत दर्जे के लोग बटर चिकन, कढ़ाई चिकन, बोनलेस चिकन, चिकन कोफ्ता, मुर्गा दो प्याजा या मटन की तमाम किस्में खाते हैं। वरना भुना मुर्गा लार टपका कर निगल जाते हैं। जो जरा ज्यादा फैशनेबल हैं उनको सुबह नाश्ते में सासेज, सलामी आदि खाने की आदत पड़ जाती है, लंच में चिकन, लैम्ब सूप या प्रॉन (झींगा) वगैरह। डिनर में लॉबस्टर, फिश या कोई और चीनी या समुद्री खाना। भारत के सभी महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस ललचाई नजरों से लोग मांसाहार के लिए आतुर रहते हैं। जिनके पास साधन हैं वो यह सारी वस्तुएं आयातित मांस से पकाते हैं या पांच सितारा होटलों में ही खाते हैं। वरना दिल्ली के कनॉट पैलेस व अन्य इलाकों में कई रेस्टोरेंट व ढाबे हर शहर और राजमार्ग पर बिखरे पड़े हैं जहां सलाखों में मुगरे की मसाला लगी टांगे टंगी रहती हैं। पर अब जरा दूसरी तरफ देखिए अगर आप देश के बहुत ही संपन्न लोगों की संगति में बैठे हों तो आप पाएंगे कि बहुत से बड़े लोग मांसाहार छोड़ते जा रहे हैं। और तो और अमेरिका और यूरोप के देश जहां दस वर्ष पहले तक शाकाहार का नाम तक नहीं जानते थे, लेकिन आज काफी तादाद में मांसाहार पूरी तरह छोड़ चुके हैं। जानते हैं क्यों? पहली बात तो यह कि मानव शरीर शाकाहार के लिए बना है मांसाहार के लिए नहीं।

यह बात हम अपनी तुलना शाकाहारी और मांसाहारी पशुओं से करने पर समझ सकते हैं। शेर, कुत्ता, घडियाल व भेडिया मांसाहारी हैं। गाय, बकरी, बंदर व खरगोश शाकाहारी हैं। मांसाहारी पशुओं को कुदरत ने दोनों जबड़ों में तेज नुकीले कीलनुमा दांत और खतरनाक पंजे दिए हैं। पर गाय और बंदर की ही तरह मानव को कुदरत ने ऐसे दांतों और पंजों से वंचित रखा है, क्यों? मांसाहारी पशु जैसे कुत्ता जीभ से पसीना टपकाता है। इसलिए हांफता रहता है। शाकाहारी पशुओं और मानव के बदन से पसीना टपकता है। मांसाहारी पशुओं की आंतें काफी छोटी होती है ताकि मांस जल्दी ही पखाने के रास्ते बाहर निकल जाए जबकि शाकाहारी जानवरों और मानव की आंतें अनुपात में तीन गुनी बड़ी और ज्यादा घुमावदार होती है ताकि अन्न, फल, सब्जियों का रसा अच्छी तरह सोख ले। यदि आप मांसाहारी है तो आपने नोट किया होगा कि फ्रिज के निचले खाने में इतनी ठंडक होने के बावजूद मांस कुछ ही घंटों में सडने लगता है। फिर मानव शरीर की गर्मी में मांस के आंत में अटक-अटक चलने में इसकी क्या गति होती होगी, कभी सोचा आपने ? आपने कभी सड़क पर कुचला कुत्ता देखा है कितनी सी देर में उसमें से बदबू आने लगती है तो क्या हमारी आंत में पड़ा मांस तरोताजा बना रहता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मांसाहारी पशुओं के आमाशय में जो तेजाब रिसता है वह शाकाहारी पशुओं और मानव के आमाशय में रिसने वाले तेजाब से बीस गुना ज्यादा तीखा होता है, ताकि मांस जल्दी गला सके। ऐसे तेजाब के अभाव में हमारे आमाशय में पड़े मांस की क्या हालत होती होगी? भारत जैसे देश में, बहुसंख्यक आबादी किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पल रही हैं, तो जो जानवर काटे जा रहे हैं उनके वातावरण, भोजन और रखरखाव में जो नर्क से बदतर जिंदगी होती है, उससे कैसा मांस आप तक पहुंचता है? फिर आप तो जानते हैं कि भारत में कितना भ्रष्टाचार है। जिन भी इंस्पेक्टरों की ड्यूटी कसाईखानों में लगी होती है उनसे क्या आप राजा हरिशचंद्र होने की उम्मीद कर सकते हैं? या वक्त के साथ चलने वाला होशियार आदमी।

# महाकुंभ की सफलता ने दुनिया को चौंकाया



**ललित गर्ग**

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुनः अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी।

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धमार्चार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। अमेरिका आबादी से दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुणा से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां आये हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा है।



जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये अब जागरूक एवं संगठित नहीं होगा तो कब होगा?

प्रयागराज महाकुंभ लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं देखकर दुनिया भौचक रह गयी। भीड़ प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग और ड्रोन व एंटी ड्रोन सिस्टम से संदिग्धों पर निगाह रखना भविष्य की पुलिसिंग की तस्वीर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि विश्व के कई देशों के विशेषज्ञ यहां भीड़ प्रबंधन पर शोध करने पहुंचे हैं। इतने बड़े आयोजन में एक दो घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं, जितना यह कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु उल्लास और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो लौटा। महाकुंभ ने उन सभी स्थानों के लिए एक मानदंड प्रस्तुत किया है, जहां कुंभ अर्धकुंभ के आयोजन होने हैं। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

महाकुंभ भारत की हिन्दू संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है यह न केवल हमारा विश्वास है बल्कि ऐतिहासिक, औपचारिक और सामाजिक सत्य भी है। भले ही भारतीय संविधान ने इसे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र न घोषित किया हो, लेकिन भारत का अस्तित्व और उसकी आत्मा सनातन धर्म में रची बसी है। इस तथ्य को न केवल भारत के नागरिक बल्कि समूची दुनिया भी स्वीकार करती है। भारत की पहचान केवल एक भौगोलिक इकाई तक ही सीमित नहीं है, यह एक महान सनातनी सभ्यता है, जिसकी जड़े हजारों वर्षों पुरानी है। ऋग्वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, पुराण और स्मृतियां हमारे सांस्कृतिक आधारस्तंभ है। यहीं से वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः जैसे महान विचार जन्म लेते हैं। यदि हम इतिहास को देखें, तो भारत में वैदिक काल से ही हिंदू संस्कृति का वर्चस्व रहा है। मौर्य, गुप्त, चोल, मराठा और अन्य हिंदू राजवंशों ने भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता को बनाए रखा। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासनों के बावजूद, हिंदू समाज अपनी जड़ों से कभी नहीं हटा। भारत को हिंदू राष्ट्र कहने का अर्थ यह नहीं है कि यहां अन्य धर्मों के लिए स्थान नहीं है। हिंदू संस्कृति सदैव सर्वसमावेशी रही है।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। आज विश्व भारत को केवल एक राष्ट्र राज्य के रूप में नहीं देखता बल्कि उसे सनातन संस्कृति की जन्मभूमि और हिंदू राष्ट्र के रूप में पहचानता है। नेपाल, इंडोनेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया जैसे देशों की संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भगवद्गीता का पाठ किया गया, जो इस बात का प्रमाण है कि विश्व भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर रहा है। अमेरिका और यूरोप में भी योग, वेदांत और भगवद्गीता के प्रति बढ़ती रूचि यह दशार्ती है कि हिंदू जीवन दर्शन वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार की आंधी से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा एवं षडयंत्र है। यह सनातन धर्म पर प्रहार न केवल निंदनीय है बल्कि शर्मनाक भी है। कुंभनगरी में सबसे ज्यादा फोकस सेक्टर-18 पर रखा गया, यहां वीआईपी गेट भी बनाया गया, इस पॉइंट पर 72 देशों के ध्वज लगे, जिनके नुमाइंदे ही नहीं, बल्कि लगभग 180 देशों के लोगों ने महाकुंभ में सम्मिलित होकर महाकुंभ के भव्य, व्यवस्थित एवं सफल आयोजन की भरपूर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**


# अधिसंख्य आबादी तक पहुंचें सस्ती दवाइयां



**विजय गर्ग**

पिछले काफी समय से जेनेरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होंगी। नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है। विरोध के बाद एनएमसी ने अपना फैसला वापस ले लिया था। सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के चलन से बड़ी फार्मा कंपनियों को सीधे नुकसान होगा।आमतौर पर सभी दवाओं में एक तरह का ह्यकेमिकल सॉल्टह्न होता हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड (जैसे क्रोसिन) के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है।

जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड की तुलना में 10 से 20 गुना तक सस्ती होती हैं। दरअसल, फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करती हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार-प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता।कई जानलेवा बीमारियां जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपये है, जबकि जेनेरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपये महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं।देश में फार्मा इंडस्ट्री 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की है और इसकी सालाना ग्रोथ 11 प्रतिशत है।

# काल के गाल में समाते मासूम, उचित नहीं सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना


**हरीश शिवनानी**

पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन राज्यों की तरह राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक त्रासदी कहर ढा रही है। देश के सबसे बड़े प्रदेश के अनेक गांवों में खुले बोरवेल मासूमों के लिए काल का गाल बन गए हैं। फरवरी के अंतिम सप्ताह में हाड़ौती के झालावाड़ के पाडला गांव में पाँच साल का प्रह्लाद खेलते-खेलते खेत में खुदे डेढ़ सौ फीट गहरे बोरवेल में जा गिरा और काल के गाल में समा गया। पिछले साल दिसम्बर में कोटपूतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की मासूम चेतना 220 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी बचाई नहीं जा सकी। यह घटना पूरे राजस्थान और देश को झकझोरने वाली थी। जुलाई 2006 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र के हल्देहड़ी के प्रिंस का मामला देशभर में चर्चा का विषय बना था। इसके बावजूद बोरवेल के गड्ढों में गिरने का सिलसिला थम नहीं रहा। राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बार-बार ऐसे हादसे होते हैं और उनमें लाखों रुपये रेस्क्यू ऑपरेशन में खर्च हो जाते हैं। इन रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ के साथ एनडीआरएफ यानी केंद्र,राज्य सरकारों की आपदा राहत की रेस्क्यू टीमें जुटती हैं। हरसंभव संसाधन झोंक दिए जाते हैं, फिर भी सफलता की गारंटी नहीं होती है। राजस्थान में पिछले कुछ सालों में ही कई हादसे हो चुके हैं। जालोर जिले के लाछड़ी गांव में 6 मई 2021 को अनिल देवासी खेत में बने बोरवेल में जा गिरा। दौसा के बांदीकुई में 15 सितंबर 2022 को दो साल की अंकिता 200 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई। जयपुर के जोबनेर के भोजपुरा गांव में 20 मई 2023 को ननिहाल आया नौ साल का लक्की 200 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था। अलवर के कनवाडा गांव में 25 मई 24 को पाँच वर्षीय गोलू खेत के बोरवले में करीब 20-25 फीट गहराई में फंस गया था। बांदीकुई के ही गांव जोधपुरिया में 18 सितंबर 24 को ढाई साल की मासूम नीरू गुर्जर गिर कर 30 फीट गहराई पर अटक गई थी। बाड़मेर के गुड़ामालानी में 20 नवंबर 24 को चार साल का मासूम खेलते खेलते हुए डेढ़ सौ फीट गहरे बोरवेल में गिरा और करीब 100 फीट की गहराई पर अटक कर मौत के मुँह समा गया। दौसा के कालीखाड़ गांव में 9 दिसंबर 24 को 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरे वर्षीय बच्चे आर्यन को 55 घंटे से अधिक लंबे ऑपरेशन के बाद भी नहीं बचाया जा सका। निरंतर होते ऐसे दर्दनाक हादसों को लेकर गंभीर सवाल यही है कि मासूम बच्चों की कब्रगाह बनते इन बोरवेल हादसों के प्रति सरकार, प्रशासन और समाज कब चेतेगा ? एनडीआरएफ की रिपोर्ट के मुताबिक बोरवेल में गिरे बच्चों को बचाने में करीब सत्तर फीसद बचाव अभियान नाकाम रहे। ग्रामीण क्षेत्र किसान पानी के लिए अस्सी फीसदी से भी ज्यादा बोरवेल पर ही निर्भर हैं, पर खेतों में बोरवेल खोदने वाले किसान पानी खत्म होने पर पाइप और पंप तो निकाल लेते हैं लेकिन गड्ढे को भरने या ढकने के खर्च से बचने के लिए इसे खुला छोड़ देते हैं। यह लापरवाही मासूमों की जान ले लेती है। देश में बढ़ते

**राजथान सहित कई राज्यों के गांवों में हर साल अनेक मासूम बच्चे अनजाने में खुले बोरवेल में गिर कर अपनी जान गवां देते हैं। ऐसे हादसों को टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट करीब दो दशक पहले से ही गाइडलाइन जारी कर चुका है पर आज भी उसकी क्रियान्विति नहीं हो रही।**

बोरवेल-हादसों को रोकने के लिए 18 साल पहले 6 अगस्त 2010 को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एसएच कपाड़िया, जस्टिस केएस राधाकृष्णन और जस्टिस स्वतंत्र कुमार की बेंच ने एक गाइडलाइन के रूप के दिशानिर्देश दिए जो पूरे देश के लिए थे, लेकिन इनका सही क्रियान्वन आज तक नहीं हुआ है। गाइडलाइन में साफ कहा था कि बोरवेल के हादसे के लिए जिला कलक्टर जिम्मेदार होंगे, लेकिन करीब दो दशकों बाद भी ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि किसी कलक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई हो।

इन दिशानिर्देशों में निर्माण के दौरान कुएं के चारों ओर कंटीले तारों की बाड़ लगाना, कुएं के ऊपर स्टील प्लेट कवर का उपयोग करना और बोरवेल को नीचे से लेकर ऊपर तक भरने के साथ ही भूमि या परिसर के मालिक को बोरवेल बनाने से पहले संबंधित अधिकारियों-जिला कलेक्टर या सरपंच- या भूजल या सार्वजनिक स्वास्थ्य, नगर निगमों के विभाग के अधिकारियों को कम से कम 15 दिन पहले लिखित रूप से सूचित करने का निर्देश दिया गया था। निर्माण या पंप की मरम्मत के मामले में बोरवेल खुला नहीं छोड़ने और काम पूरा होने के बाद मिट्टी के गड्ढों और चैनलों को भर देने के भी निर्देश थे। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों की पालना और निगरानी के लिए इसी साल जनवरी में राजस्थान के पंचायतीराज विभाग ने विस्तृत गाइडलाइन जारी की। इसके मुताबिक राजस्थान की 11 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों में स्थित बोरवेल और कुओं का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। अब ग्रामीण क्षेत्र में बोरवेल खुले रहने पर ग्राम पंचायत और इससे जुड़े ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। बोरवेल के निरीक्षण के दौरान सर्वोच्च कोर्ट के निदेर्शों की पालना नहीं करने पर जिला कलक्टर की ओर से बोरवेल की एनओसी रद्द करने और बोरवेल को सील करने के साथ जुमार्ना लगाया जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार के स्तर पर नियम-कायदे बना देने बाद अब जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन पर ही है, उसी को सख्ती से नियमों की पालना करवानी होगी। पालना न करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई भी होनी चाहिए। सरकार के साथ-साथ पंचों-सरपंचों, प्रधानों, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने होंगे और सबसे बढ़कर स्वयं बोरेरल के मालिकों, किसानों और ग्रामीणों को भी सचेत रहना होगा तभी मासूमों को असमय काल के गाल में समाने पर अंकुश लगाया जा सकता है।



**(वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक-आर्थिक,सामाजिक-साहित्यिक विषयों पर लेखन)**

# शनिवार का राशिफल

**मेष** – वैवाहिक जीवन के रिश्ते को बचाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे, लेकिन सत्य पर अडिग भी रहेंगे, मेडिकल लाइन में उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त हो सकती है,भाग्य प्रतिशत-82

**वृषभ** – किसी का सरकारी कार्य बिना अपने फायदे के नहीं करेंगे, कुछ दान दक्षिणा जरूर कर दे, घर से दूर कमरा लेकर नौकरी करेंगे, घर में पुस्तकें आदि ला सकते है। भाग्य प्रतिशत-61

**मिथुन** – थोड़ा सोच समझकर बोले किसी को बात चुभ सकती है, पैतरेबाजी से धन कमाने पर अंजाम भुगतना पड़ेगा, किसी नेता का साथ पकड़ सकते है। भाग्य प्रतिशत-52

**कर्क** – स्ट्रेस लेवल बढ़ता जा रहा है, कुछ ऐसा करें जिससे थोड़ी खुशी मिले, सेहत पर भी काम करें, उच्च अधिकारी की गुड बुक्स में आने का प्रयास करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**सिंह** – सामाजिक कार्य करकर नाम बढ़ेगा, फाइनेंशियल स्तिथि डगमगा सकती है, लाईब्रेरी कार्य, रिश्ता कराने की संस्था, बायो विषय के अध्यापक, प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**कन्या** – व्यवसाय से जुड़ा कोई बड़ा आर्थिक फैसला अभी ना करें, किसी विवाद में पड़ने से लीगल कार्यवाही हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** – इच्छा पूरी ना होने से मन में टेंशन बढ़ेगी, व्यवसाय में लेनदेन को लेकर कहा-सुनी हो सकती है, पिता का फाइनेंस बिगड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-50

**वृश्चिक** – किसी कोर्स को करने में पैसे की कमी आ सकती है, कोर्ट पत्नी का खर्चा बांध सकती है,खेल के क्षेत्र में नसों में खिंचाव आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**धनु** – घरेलू जरुरत पूरी करने में पैसों की परेशानी सम्भव है,रिश्ते को घर वालो की मंजूरी नहीं मिलेगी, भाग्य प्रतिशत-65

**मकर** – बेवजह तनाव ना बढ़ाए, परिवार के लोगों से मशविरा करते समय भी परेशानी होगी, ऑनलाइन कार्य मिलेगा, लेकिन पैसा कम मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** – रिटेल, पानी, कंस्ट्रक्शन, फूड, बिजली, कम्पनी में जॉब के लिए प्रयास कर सकते है, मन काफी दुविधा में है, कुछ अलग भी करने की इच्छा होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** – संतान को धन की मदद करेंगे, निजी जीवन में खुद के लिए अधिक प्रेक्टिकल फैसला ना लें आगे पछता सकते है, शुगर का ध्यान रखें, किसी को धार्मिक जगह के दान के लिए पैसे देंगे। भाग्य प्रतिशत-55



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
**हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423**

# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मजीद होटल, मौलाना



आजाद रोड, मथुरा पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह शिविर दरियाब सिंह जी जिला चिकित्सालय, मथुरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में अशरफ कुरैशी, मैराज अली, आरिफ कुरैशी, मोहसिन कुरैशी, वकील आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आमजन को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया। समाज में इसका प्रचार कर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर टीम द्वारा कई लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए और अपडेट किए गए, जिससे वे भविष्य में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में प्राप्त कर सकेंगे।

# बॉलीवुड सिंगर माही की आवाज का चला जादू, जमकर थिरके विद्यार्थी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंविवि के वार्षिक महोत्सव अथर्वा के तहत आयोजित स्टार नाइट बॉलीवुड सिंगर माही की बेहतरीन प्रस्तुतियों के नाम रही। बॉलीवुड के फेमस सिंगर शान के बेटे माही ने अपनी मधुर

**मंविवि में अथर्वा उत्सव के तहत स्टार नाइट का हुआ आयोजन**

आवाज की शानदार प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों के साथ सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने मंच पर पहुंचते ही एक के बाद एक गीतों की धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। अथर्वा उत्सव को लेकर विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए और गीत, संगीत पर जमकर थिरके।एमयू परिसर स्थित कीर्ति स्तंभ के सामने मैदान में आयोजित कार्यक्रम अथर्वा की शाम तब और रंगीन हो गई जब लाइव कार्यक्रम के दौरान माही ने अपनी एलबम जादूगरी के बोल मिलना तेरा लगे कोई जादूगरी के साथ मंच पर एंट्री की और इसके बाद दूसरी एलबम सॉरी के बोल ओ सजना वे ऐसे तू मुझको ठगे तू ही है मेरी सब यादों में परफॉर्मेंस दी। मंच पर जैसे ही उनकी एंट्री हुई विद्यार्थियों ने एक के बाद एक गानों की फरमाइश कर दी। सिंगर ने मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद सा टुकड़ा रहता है पर झूमने पर मजबूर किया तो वहीं मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू पर खूब मस्ती की। दस बहाने करके ले गई दिल... छम्मक छल्लो... देसी गर्ल... कोई कहे कहता रहे कितना भी हमको दिवाना से लेकर देखो देखो ये शाम बड़ी दीवानी पर जमकर झूमने पर मजबूर किया। विद्यार्थियों की फरमाइस पर चांद सिफारिस जो करता तुम्हारी बेताब तुमको हया गीत सुनाया। इस दौरान दर्शक हर गीत पर



तालियों की बरसात करते रहे। मंच के करीब मौजूद विद्यार्थी तो नाचते हुए अपने मोबाइल में माही को कैद करते नजर आए। करीब दो घंटे तक मंच पर रहे माही ने दर्शकों का गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता, डीन रिसर्च प्रो. रविकांत, डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत के साथ पूरा मंगलायतन परिवार, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां**


सांस्कृतिक उत्सव अथर्वा में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भी अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियों से खूब रंग जमाया। एक से बढ़कर एक गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां देकर जहां दर्शकों की खूब तालियां बटोरी तो वहीं नाट्य प्रस्तुति में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। जहां शिव विवाह की प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया तो वहीं राजा हरिश्चंद्र के मंचन को देख दर्शक अपनी अश्रुधारा को नहीं रोक सके।

# आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर पथराव-कई पुलिसकर्मी घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के काफिले पर पथराव हुआ है। कुछ पुलिस वाले चोटिल हुए हैं। हालांकि चंद्रशेखर सुरक्षित है। वह करनावल गांव से निकलकर भगतिया नगला जा रहे थे तभी भगतनगर में उनके काफिले पर पत्थर फेंकें गए। पत्थरबाजी की घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। पुलिस कर्मियों और पार्टी के कार्यकताओं ने चंद्रशेखर की गाड़ी को घेरकर उन्हें बचाया। कुछ ही मिनट में उपद्रवी वहां से फरार हो गए। इसके बाद चंद्रशेखर अपनी गाड़ी से उतरें। इससे पहले चंद्रशेखर मथुरा में दो सगी बहनों की शादी टूटने के





बाद उनसे मिलने पहुंचे थे उन्होंने कहा दो दलित बेटियों के साथ ज्यादती हुई है। इशारों में अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा इन बड़े नेताओं के मुंह से दो शब्द नहीं निकले। शायद इनका भाव रहा होगा कि आरोपी भी एक खास जाति के लोग हैं। मगर गलत को गलत तो कह सकते थे। आवाज उठा सकते थे। साथ तो खड़े हो सकते थे। मगर इनका आपसे चुनावी रिश्ता है। आप समझ रहे होंगे कि किन के लिए कह रहा हूं इस चुनावी रिश्ते को ऐसे समझिए कि वह आपके आत्मसम्मान की रक्षा भी नहीं कर सकते। बताइए इससे बड़ा कोई अपमान हो सकता है क्या..? आरोपियों के एक खास जाति से संबंधित होने की वजह से ठीक से कार्रवाई तक नहीं हो पाई है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। में इस परिवार के साथ खड़ा हूं।

# अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति द्वारा बहुजन क्रांति के जननायक बामसेफ बहुजन आंदोलन के जनक दीनाभाना जी के 96 वें जन्मदिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में बहुजन क्रांति के जननायक बामसेफ एवं बहुजन आंदोलन के जनक दीनाभाना जी के 96 वें जन्मदिवस पर कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा कैंप कार्यालय पर साहित्यकार सी वी विकल की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बहुजन नायक दीनाभाना जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तत्पश्चात रमेश सैनी जी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा ने दीना भाना जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि अगर दीना भाना ना होते तो काशीराम देश के सामने नहीं आते एक दीना भाना ही थे जिन्होंने मान्यवर काशीराम साहब को बहुजन आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ाने को मजबूर कर दिया दीना भाना भारत की सफाई कर्म में लगी जाति में जिसे



वाल्मीकि कहते हैं पैदा हुए थे उन्होंने बचपन से ही छुआ छूत और भेदभाव का धंस झेला था वह डीआरडीओ में रक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे उनकी वैचारिक क्रांति उपेक्षित और वंचितों के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें बहुजन नायक बनकर बहुजन समाज में क्रांति का जनक बना दिया बहुजन समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा इस मौके पर कविवर शास्त्री सी.बी विकल जी ने कविता पाठ कर दीना भाना जी को याद किया ' पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में रमेश सैनी, सी.बी विकल, राजू सर, नरेश सर, साबिर खान, सौदान सिंह,विकाश बाबू आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर करते हैं ध्यान केंद्रित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंविवि के वार्षिक उत्सव अथर्वा एवं स्पोर्ट्स कोलोसियम के साथ योग इस वर्ष भी छात्रों के बीच अपार उत्साह लेकर आया। स्पोर्ट्स कोलोसियम में विभिन्न खेल स्पधाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा

**मंविवि में स्पोर्ट्स कोलोसियम व अथर्वा का सफल समापन**

में छुपे हुए कौशल को निखारने का अवसर मिला। वहीं अथर्वा सांस्कृतिक उत्सव ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। जिसमें गीत, संगीत, नाट्य, नृत्य कलाओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह बातें स्पोर्ट्स कोलोसियम और अथर्वा सांस्कृतिक उत्सव के समापन पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रोफेसर पीके दशोरा ने पत्रकारों के साथ साझा की। उन्होंने पत्रकारों के साथ उत्सव की सफलता और आगामी कार्यक्रमों, नई पहलों और शैक्षणिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।मंविवि की गतिविधियों और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कुलपति ने बताया




कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा ह्यए प्लसह्न ग्रेड प्राप्त करना इस बात की प्रमाणिकता है कि हम शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। स्पोर्ट्स कोलोसियम और अथर्वा जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करते हैं। इस उत्सव को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के दबाव के बीच टीम वर्क, नेतृत्व और रचनात्मकता जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरणा देना है। स्टार नाइट में बॉलीवुड सिंगर माही की प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों में नई ऊजा का संचार हुआ है। हम नई शिक्षा नीति को अपना कर उद्योग के साथ सहयोग बढ़ाने आदि पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि यहां शिक्षारत विद्यार्थियों को वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। स्पोर्ट्स कोलोसियम, अथर्वा व योग में इस वर्ष 1200 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।विवि के कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि हमें खुशी है कि इस वर्ष भी स्पोर्ट्स कोलोसियम और अथर्वा को सफल बनाने में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस वर्ष स्पोर्ट्स कोलोसियम में क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और अन्य खेलों का आयोजन किया गया। अथर्वा सांस्कृतिक उत्सव में नृत्य, नाटक, संगीत कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।आयोजन की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दिनेश शर्मा ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि हम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए रील स्टार प्रतियोगिता का भी आयोजन कर रहे हैं।

जिसमें जीतने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। उन्होंने प्रबंधन द्वारा छात्राओं के लिए दी जाने वाली पांच करोड़ की छात्रवृत्ति योजना के साथ अन्य छात्रवृत्ति योजना और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदूषण मुक्त वातावरण में प्रदान की जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं का भी जिक्र किया। इस अवसर पर डा. संतोष गौतम, प्रो. प्रदीप कुमार, योगेश कौशिक, वीरप्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएएस-पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल को, अभ्यर्थी निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए 31 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनके परिवार की वार्षिक आय 06 लाख रुपए से कम है, उनके लिए प्रयागराज, लखनऊ, हापुड़, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर एवं अलीगढ़ में आईएएस-पीसीएस परीक्षा के प्रशिक्षण के लिए आवासीय निःशुल्क कोचिंग एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 मण्डल मुख्यालयों पर 27 अप्रैल 2025 को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम यूपीपीसीएस या सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा के समान होगा।उन्होंने बताया कि पात्र छात्र-छात्राएं 31 मार्च 2025 से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www-socialwelfare-upsdc-gov-in पर कर सकते हैं। आवेदन में किसी भी समस्या के लिए वेबसाइट के साथ ही कार्यालय कार्यदिवस में हैल्पलाइन नम्बर 9315868951 पर जानकारी की जा सकती है।

### अनूप सारस्वत बने एमएलसी प्रतिनिधि मथुरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा एवं वरिष्ठ नेता अनूप सारस्वत को मथुरा, एटा, मैनपुरी, कासगंज के सदस्य विधान परिषद



सदस्य आशीष यादव ने अपना प्रतिनिधि नामित किया है। इनके मनोनीत होने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में हर्ष व्यक्त किया है। संजय गोयल विजय शर्मा श्याम शर्मा जिला अध्यक्ष निर्भय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व में अनूप सारस्वत भारतीय खाद्य निगम राज्य सलाहकार सदस्य एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

# आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के संबंध में शिकायत निस्तारण के लिए विकास भवन सभागार में हैल्प डेस्क स्थापित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि शासन के निदेशानुसार जिले में 453 आंगनवाडी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रकिया ऑनलाइन पोर्टल के आधार पर की जा रही है, जिसमें अभ्यर्थी के इन्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक के प्राप्तांको के आधार पर चयन की कार्यवाही की जा रही है।

**अभ्यर्थी 01 से 03 मार्च तक हैल्प डेस्क पर दर्ज करा सकते हैं आपत्ति**

उन्होंने बताया कि निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ के शाााासनादेश के के अनुसार इस प्रकिया में बीपीएल विधवा, बीपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता, बीपीएल अन्य, एपीएल विधवा, एपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता को नियमानुसार प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार चयनित एवं प्रथम वरीयता वाले अभ्यर्थियों को अंक पत्र सत्यापन के लिए विकासभवन बुलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को कोई शिकायत या आपत्ति है तो वह विकास भवन सभागार में स्थापित हैल्प डेस्क पर 01 मार्च से 03 मार्च तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

# रमजान को लेकर नगर निगम ने किये पुख्ता इन्तिजाम-चाक चैबंद इंतिजामों का महापौर नगर आयुक्त ने किया वादा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** रविवार 2 मार्च से शुरू होने वाले पवित्र रमजान को देखते हुये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपने सभी अधीनस्थों को व्यवस्थाओं को समय से कराये जाने के लिए दायित्व निर्धारित करते हुए पूरे रमजान अवधि में साफ सफाई पेयजल पथ प्रकाश और गड्ढा मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं तो वही महापौर प्रशांत सिंघल ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रमजान में साफ सफाई कचरा उठान पथ प्रकाश, गड्डा मुक्ति आवारा पशुओं की रोकथाम सहित नगर निगम व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से कराए जाने का वादा शहर वासियों से किया हैरमजान पर व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में नगर आयुक्त ने बताया कि रमजान के लिए नगर निगम द्वारा मुस्लिम धर्मगुरु के मार्गदर्शन में और उनकी बताएं फीडबैक के आधार पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष बेहतर से बेहतर इंतजाम कराए जाने का प्रयास किया जाएगा पेयजल साफ-सफाई पैचवर्क और लाइटिंग की समुचित व्यवस्था के लिए अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित कर दिए गए है।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि सुबह सहरी और इफ्तार को देखते हुये सुबह 3 से 5 बजें

**नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को सौपें सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश और निर्माण के लिये दायित्व**

तथा सायं इफ्तार में 5 से 7 बजें पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित किया गया है। रमजान के लिये 35 अधिकारी 126 सामान्य कार्मिकों व 455 सफाई कर्मचारी की 30 टीमों को व्यवस्था में लगाया गया है। नगर निगम द्वारा सायं की पारी में अतिरिक्त सफाई की विशेष व्यवस्था कराने के लिये रमजान के अवसर पर परंपरागत पढ़ी जाने वाली नमाज तराबी के बाद मुख्य बाजारो व धार्मिक स्थलों से कचरा उठाने के लिये 10 अतिरिक्त ट्रैक्टर 30 फॉगिग 20 स्पै मशीन व 30 टेंपो टिपर को लगाया गया है। सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश और लीकेज आदि की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के लिये नगर निगम कंट्रोल रूम 7500441344 को 24 घंटे कार्यशील रखा गया है। रमजान में किसी भी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के बाधित होने अथवा विद्युत बाधा होने पर नगर निगम जलकल प्रागंण में 25 टैंकर पेयजल आपूर्ति के लिये हर समय तैयार रहेगें।रमजान अवधि में 01 वरिष्ठ नोडल, 04 जोनल अधिकारी,35 कलस्टर प्रभारी व 126 सामान्य कार्मिको को नगर आयुक्त ने दायित्व सौपे है। महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त विनोद कुमार ने रमजान की शुभकामनाएं देते हुए के कहा हर धार्मिक उत्सव और पर्व पर नगर निगम द्वारा बेहतर से बेहतर साफ सफाई पेयजल पथ प्रकाश के इंतजाम करने का प्रयास किया जाता है नगर निगम की सफाई व्यवस्था में सहयोग की भावना से नगर निगम का सहयोग करें।

### मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन क्वार्सी फ्लाईओवर एवं नगर निगम विस्तार पेयजल योजना ग्रुप-सी देवी नगला का किया स्थलीय निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा शुक्रवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत क्वार्सी चैराहे पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर एवं नगर निगम विस्तार पेयजल योजना ग्रुप-सी देवी नगला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कमिश्नर ने कहा कि जिले में संचालित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का आमजनमानस को निर्धारित समयावधि में लाभ मिले इसके लिए आवश्यक है कि डेडलाइन के अनुरूप क्रमबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।रामघाट-कल्याण मार्ग स्थित क्वार्सी चैराहे पर उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा निमार्णाधीन फोरलेन फ्लाई ओवर के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि आमजन को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है, ऐसे में निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था के साथ ही आमजन पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा संबंधी सभी मानक पूर्ण किए जाएं ताकि किसी भी आकस्मिक घटना को रोका जा सके।

परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम मोहित कुमार ने बताया कि 71.17 करोड़ की धनराशि से 630 मीटर लम्बे फोरलेन सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण में सेतु पर बायोडाटा भाग में पियर तक का कार्य पूर्ण पाया गया। माह फरवरी तक परियोजना की 50 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाई गई। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में सर्विस रोड के निर्माण के लिए नाले पर सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

**आयोजन** अधिकारी किसान बन्धुओं की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापरक ढ़ंग से करें निस्तारण

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में क्वार्सी कृषि फार्म परिसर स्थित बहुउद्देशीय किसान कल्याण केंद्र सभागार में किसान दिवस का

**जिला कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी तकनीकी जानकारी**

आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि अधिकारी विभिन्न माध्यमों एवं पटलों पर प्राप्त किसान बन्धुओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चैधरी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जायद में बोये जाने वाली फसलों के उत्पादन प्रक्रिया, उचित प्रबंधन एवं अधिक आय के लिए कृषकों को जानकारी दी गयी।डीएओ ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा जायद 2025 में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं संकर बीजों के उपयोग को बढावा देने की योजनान्तर्गत विभिन्न कम्पनियों के संकर मक्का के बीजों का वितरण जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर किया जा रहा है। जिले में जायद फसल के लिये मक्का बीज की 477 कुन्तल की आपूर्ति की जा चुकी है।जिलाधिकारी ने किसान दिवस में किसान बन्धुओं द्वारा निर्बाध






विद्युत आपूर्ति की शिकायत पर अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सिंचाई के लिए रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी दिनों में गेंहू की फसल कटाई के लिए तैयार हो जाएगी ऐसे में विद्युत लाइन के माध्यम से आगजनी की कोई आकस्मिक घटना घटित न हो सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने बैठक में जल जीवन मिशन से किसी के उपस्थित न रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी जिलास्तरीय बैठकों में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें और यदि किसी अधिकारी को कंही कोई आवश्यक कार्य है तो पूर्व से अनुमति लेना सुनिश्चित करे। किसान बन्धुओं द्वारा आलू भण्डारण की दर में वृद्धि की शिकायत पर किसान बन्धुओं एवं कोल्ड स्टोरेज स्वामियों की बैठक आहुत करने के निर्देश दिए। किसान दिवस में कृषकों द्वारा फसल बीमा, किसान सम्मान निधि समेत विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करते हुये ससमय समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर एक सप्ताह के अन्दर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।किसान दिवस में जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल, सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या, सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी समेत सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व कृषक भाइयों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मेंहदी रचने से पहले ही, सड़क हादसे में युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)** । थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर का है पूरा मामला। गांव निवासी दिनेश पाल के

- बुलंद शहर हायवे,सहाना थाना क्षेत्र में ट्रक से टकराई कार,मौके पर ही मौत
- 21अप्रैल को जाती मृतक की बरात, खुशियां बदली मातम में


मृतक सोनू का फाईल फोटो

वेटे सोनू (28) का बुलंद शहर हायवे पर एक ट्रक से कार टकराईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता दिनेश पाल उत्तर प्रदेश पुलिस में धामपुर तैनात है उनके दो बेटे हैं बडा बेटा जो जेवर (बुलंद शहर) में आर्य वृत ग्रामीण बैंक में बतौर कैशियर के पद पर तैनात था 26फरवरी की रात लगभग 10बजे वह घर जेवर जा रहा था तभी सहाना थाने क्षेत्र में उसकी कार एक ट्रक से टकरा गई हादसा इतना भीषण हुआ कि सोनू की मौत मौके पर ही हो गई।

**बडी बात क्या है**

मृतक की शादी 21अप्रैल को असमोली से होनी थी चंद दिनों पहले गोद की रस्म भी पूरी हो चुकी थी तभी अचानक ज़िन्दगी ने नया मोड ले लिया और खुशियों बाला घर मातम में तब्दील हो गया। मृतक के परिवार में मां बाप और एक भाई तथा उसकी बूढी दादी मां इन सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

# सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों को सुनकर भक्त हुए मंत्र मुग्ध

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के शक्ति नगर संता मिल स्थित विनय अग्रवाल के निज आवास पर श्री भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा 1101वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ का आयोजन शारदा देवी अग्रवाल की पंचम पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधिवत्त पूजन संपन्न कराया के. जी शर्मा व अनुज शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया साथ ही अजय सक्सेना व पूनम चौधरी ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया सुंदरकांड पाठ के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को मनमोहक बना दिया भजनों की श्रृंखला में केजी शर्मा ने होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा उमा श्रीवास्तव ने आज ब्रज में होली है रसिया पूनम चौधरी ने मेंरो खोए गयो बाजूबंद रसिया होली में सुना कर सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया अंत में सभी भक्तों द्वारा फूलों की होली भी खेली गई आयोजन में विनय अग्रवाल, रजनी, शांतनु, सारंग, जे.एन मिश्रा, रामकुमार, राजीव, आलोक, विजेंद्र, अमित, सुमित, वृंदावन, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, गुलशन अरोड़ा, रामकृष्ण अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल के गेट में घटिया सामग्री के चलते,किशोर की चली गई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मानक को ताक पर रख कर किया जा रहा है सरकारी इमारतों का कार्य विभाग की बंद आंखों के कारण घटित हो रही है घटनाएं। पूरा मामला थाना वनिया ठेर के गांव नैटा का है जहां आज ग्राम प्रधान, सचिव व स्कूल स्टाफ की लापरवाही के चलते 8बर्षीयें किशोर को गंवानी पड़ी अपनी जान।

- ग्राम प्रधान व सचिव के साथ साथ, स्कूल स्टाफ जिम्मेदार
- मृत किशोरी के मां बाप ने, प्रधान व सचिव को ठहराया जिम्मेदार
- अगर घटिया सामग्री नहीं लगी होती तो नहीं गंवानी पडती बेटे को जान: मां
- गांव के एक छात्र ने खोल दी फाटक की पोल

नैटा निवासी बबलू का पुत्र पिन्टू गांव में बने प्राथमिक विद्यालय के पास खेल रहा था और खेलते खेलते स्कूल के खुले गेट पर झूलने लगा उसको क्या पता था कि यह गेट थूक के सतुऐ से बना है जेसे ही किशोर ने गेट को पकडा वैसे ही गेट जमीन पर धराशाई हो गया जिसके नीचे दबकर उक्त किशोर की मौत हो गई।

**क्या है किशोर की मौत का कारण**

मानक के अनुसार गेट में नहीं लगाई गई सामग्री गेट के पिलर थे कमजोर,मात्र मामूली हैंडिल पर टिका था भारी गेट घटिया सामग्री से बने हुए थे गेट के पिलर,दूरे पिलर का गेट भी है कमजोर पूरा पिर टूटा हुआ है अगर पिलर मजबूत होते तो नहीं घटती घटना।

**स्कूल बंद होने के बाद क्यो खुला हुआ था गेट**

यह सवाल अपने आप में अहम है जब स्कूल की छुट्टी हुई तो स्कूल स्टाफ ने गेट क्यों नही बंद किया इसका क्या कारण है कौन देगा इसका जबाब आखिर कार स्कूल स्टाफ ने छुट्टी के बाद स्कूल का गेट क्यों नही किया था बंद।

**सच्चाई उजागर करने पर ग्राम प्रधान व उसके भाई ने मीडिया से क्यों की अभद्रता**

सच कड़वा होता है,जब मीडिया द्वारा ग्राम प्रधान के करतूतों की पोल खोली गई तो प्रधान व उसका दबंग भाई उत्तेजित हो गये और मीडिया कर्मी पर बरस गये उन्हें लगा की हमारी काली करतूतों का मीडिया चिठ्ठा खोलती जा रही है अगर पुलिस प्रशासन नही होता तो दबंग प्रधान व उसका भाई मीडिया के साथ कर सकते थे कोई अनहोनी।

**पूरी घटना क्रम का कोन है जिम्मेदार**

पूरी घटना क्रम का कोई एक नहीं वल्कि तीन लोगों के साथ साथ संबंधित अधिकारी भी है सामिल जो कमीशन लेकर इस घटनाक्रम में दे रहे हैं अपना सहयोग।

सरकार द्वारा एक नंबर का कार्य कराने के लिए धन दिया जाता है और उस धन का बंदरबांट करते हैं ग्राम प्रधान, सचिव व स्कूल प्रशासन और उसका खमिया उठाते हैं भोले भाले बच्चे जिसका आज एक मां के लाल एक बहन के भाई ने अपनी जान देकर पूरा किया।

**क्या कहना है उस मां का जिसने अपने लाल को खोया**


फाटक जरा जा जुडा हुआ था और टूट कर मेरे लाल के ऊपर गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई,अगर प्रधान और सचिव सही सामिग्री लगते तो नही जाती मेरे बेटे की जान उसकी जान के जिम्मेदार ग्राम प्रधान, सचिव व स्कूल के मास्टर है।

पिता ने भी ग्राम प्रधान व सचिव पर लगाया आरोप कार्रवाई करने से किया इंकार।

पुलिस ने मृतक के पिता से कहा कि आप कार्यवाही करे या नही परन्तु पोस्टमार्टम जरुर कराये।

पिता की बातों से साफ जाहिर हो रहा था कि बह किसी दबाव का शिकार है, सूत्रों की माने तो मौजूदा ग्राम प्रधान ने वेवस पिता को अपनी दबंगई के चलते कुछ बोलने को कर दिया था मजबूर,मगर दुःखी मां ने अपना दुःख किया प्रकट। अव देखना यह है कि क्या पुलिस ल






उच्च अधिकारियों द्वारा दोषियों पर होगी कार्रवाई क्या एक लाचार मां को मिलेगा इंसाफ या फिर मामले में गांधी जी अड़ाएंगे अपनी टांग।

**गांव के एक छात्र ने खोली स्कूल के गेट की पोल**

गांव के छात्र संजीत ने बात कुछ महीने पहले में भी इसी गेट पर झूल रहा था और गेट टूट कर गिर गया, में उसके चपेटे में नही आया और में बच गया। अब आप अंदाजा लगा सकते है कि कितनी लापरवाही बरती गई है,अगर पहली घटना से ही सबब लेलेते तो नहीं घटती दूसरी घटना नहीं गंवाने पडते किशोर को अपने प्राण।

**स्कूल स्टाफ की बडी लापरवाही आई सामने**

जो घटना घटित हुई उसका समय लगभग एक से दो बजे के बीच की और स्कूल स्टाफ उस समय स्कूल में तैनात था क्या वहा पर स्टाफ सो रहा था अगर नही,तो फिर क्यूं नही पता चला की स्कूल के गेट पर बच्चे झूल रहे हैं और शोर भी मचा रहे है, जबकि स्टाफ को पहले से ही पता था कि स्कूल के गेट से पहले भी घटना घटित हो गई है,उसके बाद भी नींद से नही जागा स्कूल प्रशासन,क्या इनके उच्च अधिकारी इनकी बडी लापरवाही पर उठाएंगे कोई ठोस कदम या फिर करेंगे पक्षपात, यह अपने आप में एक बडा सबाल है।

उधर मृत्यु बच्चे के पिता ने विना पोस्टमार्टम के ही शव को दफना दिया,न कोई एफआईआर न कोई कार्रवाई यह एक अजीब सा लगता है मामला।

**क्या तीसरी घटना का इंतजार कर रहा है,गेट का दूसरा भाग**

गेट के एक भाग के चलते किशोर को गंवाने पडे अपने प्राण ,और इतना ही नही गेट का दूसरा भाग जिस पिलर के सहारे खडा है बह जर्जर है और तीसरी घटना का कर रहा है इंतजार,अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो।

# ग्रुप में किए गए ,सेवा कार्यों से प्रभावित होकर सदस्यों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के आवास विकास स्थित वैष्णो विहार कॉलोनी में पुष्पा वर्मा के आवास पर ग्रुप की जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया ।

सर्वप्रथम प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा,इंचार्ज पी पी फोरम अंजू राजपूत ,फेडरेशन ऑफि सर रीता बुदियाल व ग्रुप अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया । फेडरेशन -5 के फेडरेशन कन्वेंशन व यूनिट कॉन्फ्रेन्स मीट के द्वारा,ग्रुप में किए गए ,सेवा कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया --जायन्टस श्री , आउट स्टैंडिंग बेस्ट प्रेसिडेंट ,एक्सीलेंट अवार्ड व वैरी गुड प्रोजेक्ट ,आउट स्टैंडिंग रैली ,टाइमली डयूज एंड अप्रीशिएशन अवार्ड ,फॉर समर कैंप ,डी ०ओ० ए ,डी०ओ एफ अवार्ड व यूनिट डायरेक्टर द्वारा आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट व आउट स्टैंडिंग मेडिकल कैंप आदि दिए गए। साथ ही 20 22 व 23 की अध्यक्ष अंजू राजपूत व 2024 की अध्यक्ष रीता बुदियाल ने अपने पूरे वर्ष भर सहयोग करने वाले ग्रुप सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।वर्तमान की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने नए प्रोजेक्ट के विषय में चर्चा की ,कार्यक्रम में वन मिनट गेम ,व फुल हाउजी खेल कर ,सभी ने इसका भरपूर आनंद लिया । गेम में प्रथम रेखा गुप्ता , द्वितीय अर्निका सक्सेना , तृतीय रेनु अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम मे मौजूद रहे। अध्यक्षता अनीता सक्सैना व संचालन डी ओ ए रजनी गुप्ता ने किया ।

कार्यक्रम में उपस्थित–प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा, इंचार्ज पी पी फोरम अंजू राजपूत ,फेडरेशन ऑफि सर रीता बुदियाल , अध्यक्ष अनीता सक्सेना, डी ओ ए रजनी गुप्ता ,उपाध्यक्ष सविता भटनागर ,कंचन वाला वाष्णेय ,रेखा गुप्ता ,नीरू गोयल रेनू अग्रवाल ,पुष्पा वर्मा , अर्निका सक्सेना, दीप्ति दुवे , नीता गुप्ता , स्वाति सिंधी आदि उपस्थित रहे ।

# एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित किया गया विदाई समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल में बिदाई समारोह मनाया गया । इस दौरान कक्षा चतुर्थ ने कक्षा पांचवी के बच्चों को बिदाई पार्टी दी।

इस दौरान पूरे समारोह में बच्चों के चेहरे पर खुशी तो दिखी लेकिन स्कूल से विदाई का दर्द छुपा न सके। ओर उनके आंखों में आंसू झलक गए। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि हमारे स्कूल में हर साल बच्चे आते और जाते हैं एक ओर बच्चों के अच्छे उज्जवल भविष्य के लिए खुशी भी होती है तो दूसरी ओर उनकी बीती मधुर स्मृतियों को सोचकर मन करुणमय हो जाता है । इसी के साथ संचालिका संगीता भार्गव ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफलता पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।

फेयरवेल के दौरान बच्चों ने जमकर धमाल मचाया तथा फेयरवेल पार्टी के दौरान कैटवॉक, डांस , गेम्स ,स्पीच और अपनी अदाओं के जादू से छात्रों ने सबका मन मोह लिया तथा खूब मनोरंजन किया । सभी अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ डांस व यादगार स्मृति खिंचवाई और उनके आगे आने वाले भविष्य के लिए उनको बहुत सारी शुभकामनाएं दी । बच्चों ने भी अपना-अपना अनुभव शेयर किया जो पढ़ने के दौरान स्कूल से लिया। अंत में कक्षा 5 की अध्यापिका नेहा शर्मा बच्चों की विदाई के समय उनकी आंखें छलक गई। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में नेहा, शालू, प्रिया, काजल, सिल्की, निशा, गौरव,मंतशा, इशिता, सोनल, हुमा, सोनाली, मीनू, दीक्षा, पारुल, नीरज, रक्षा, रूपाली, संतोष, याशी, आयुषी, अर्शी, गौरी, स्वेता, सरिता, शिल्पा, दिया, दीपा, सुबिका, दीपिका, ज्योति, मेघा आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा ।

# सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन के जिला अध्यक्ष बने आकाश कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार को मुरादाबाद में आयोजित की गई मंडल की एक बैठक में मंडल अध्यक्ष राजीव ढल की संतुति पर प्रदेश अध्यक्ष रोमी चौधरी ने आकाश कुमार को जिला संभल का जिला अध्यक्ष सैल्यूट तिरंगा नियुक्त किया,

सैल्यूट तिरंगा 26 देशों और पूरे भारत में कार्यरत हैं यह एक समाजिक राष्ट्रवादी संगठन है जिसका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति भावना और देशभक्ति विचारधाराओं को जाग्रत करना है जिससे उनमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समझ विकसित करना है।

जिस पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि मैं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता और मैं संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा और मेरा उद्देश्य संगठन को लगातार विस्तार करना और लोगों को ज्यादा से ज्यादा उससे जोड़ते रहना हैं।

# सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन, शिविर के समापन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार को एन.के.बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका के संयोजन में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का सप्तम दिवस समापन समारोह व संकल्प दिवस के रूप में प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय चंदौसी में आयोजित किया गया। शिविर का आरंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि मोहित चौधरी प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय की प्रधानाचार्य रेनू बंसल एवं सरोजिनी नायडू कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ दुर्गा एवं महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकागण का स्वागत कर मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ईशा रस्तोगी, भावना आर्य, पायल शर्मा, दीक्षा, तमन्ना वार्ष्णेय, शिवानी भारती, मानवी सिंह, समीक्षा, कोमल, नेहा, प्रिया, प्रिया बघेल, कुमकुम गंगवार, सेजल, अग्रिमा उपाध्याय, अनुष्का गुप्ता, वंशिका रस्तोगी, सपना, भावना, रेनू, साक्षी उपाध्याय आदि के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, तथा विभिन्न प्रकार के डांस, ब्रज की होली, हरियाणवी डांस, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका एवं रा.से.यो. की स्वयंसेविका रिफा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के आगे के क्रम में मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय व प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने स्वयं सेविकाओं को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की तथा छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर दीपा पाठक एवं स्वयंसेविकाओ द्वारा बनाए गए हैंडीक्राफ्ट्स का निर्णय निर्णायक मंडल डॉ रंजना अग्रवाल एवं भावना बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल द्वारा सप्तदिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई तथा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# बीच सड़क पर गन्ने से भरी ट्राली पलटी, यातायात हुआ बाधित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** एन एच 509 आगरा मुरादाबाद हायवे पर उस समय भरी ट्राली ओवरलोड थी और जहांगीर पुर से मंझावली मील में जा रही थी जेसे ही ट्रेक्टर ट्राली आटा से निकली तभी अनियंत्रण होकर पलट गई और रोड पर आवागमन में बांधा



जाम की स्थिति बन गई जब गन्ने से भरी ट्राली आटा-मझावली की बीच पलट गई। गन्ने से उत्पन्न हो गई,आनन फानन में बचाव कार्य शुरू किया और आवागमन सुचारू हो पाया।

आयोजन

# अलका शर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**सम्भल /बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बनिया खेड़ा में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया तथा इसके साथ ही शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलन के साथ किया गया । अलका शर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु में शैक्षिक प्रदर्शनी जो कि हेल्पिंग हैंड टीम के द्वारा शिक्षकों ने बेहतरीन टीएम प्रदर्शन किया और साथ ही नवोदय विद्यालय की तैयारी हेतु जिन शिक्षकों ने शीतकालीन अवकाश में अपना विशेष समय दिया था उन सभी शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से शिक्षकों को समझाया तथा साथ में यह भी कहा कि सभी इस योजना का लाभ उठाएं । मासिक समीक्षा बैठक में 10 लकी ड्रा का भी रखे गए जिसमें शिक्षकों को अत्यंत हर्ष हुआ । ब्लॉक स्तरीय यह प्रथम ऐसा कार्यक्रम था जिसमें कि शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ शैक्षिक प्रदर्शनी में स्व प्रेरणा के साथ कार्य किया जिसका अधिकारियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई ।कार्यक्रम में शालिनी सक्सेना तथा समस्त अफ्ढ उपस्थित रहे और कविता शर्मा के द्वारा यह इनीशिएटिव लिया गया जिसकी सभी ने बहुत प्रशंसा की एवम सभी नोडल शिक्षण संकुल को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में सविता, अंजू, शाइस्ता, नीरू, प्रियंका, शाजिया, छाया, दीपा, शैली, मुज्जम्मिल, मुनेश,ऋषभ, वसीम ,नाजिम, राजकुमार,आदि का विशेष योगदान रहा ।

# चल रहे सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर को समापन दिवस के रूप में विषय "माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा" के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर के निर्देशन में आयोजित किया गया।

जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ हेमंत सक्सैना ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, बालिकाओं ने स्वागत गीत नृत्य एवं गुंजन,रेनू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात अंशिका,आरती,सलोनी, नेहा भारती, दियांशी, वंशिका ने महाभारत का द्रोपदी चीर हरण लघु नाटिका प्रस्तुत की,एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति सुरभि,टीना ने दी।गुंजन एवं रेणु ने (कोख में क्यों मारी जाती है बेटियां) पर संदेश दिया। अंशिका राघव ने (राधा नाचेगी) गीत पर सुंदर नृत्य किया, पिंकी, शोभा, लता,निधि,शिवानी ने दहेज प्रथा पर नाटक पर गंभीर प्रस्तुति दी। प्रतिष्ठा ने (वो किशना है) गीत पर सुंदर नृत्य करके सब का मन मोह लिया। ग्रीष्मा ने (घर मोरे परदेसिया) पर मोहक नृत्य किया।उसके बाद नंदिनी ने (बेटियों के साथ क्यों होता है भेदभाव) पर एक मर्मस्पर्शी भाषण दिया जिसे सुनकर सभी की आँखें भर आईं। ओर अंत में कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर ने 7 दिनों की रूप रेखा विस्तार से रखी एवं अपने सप्त दिवसीय शिविर के सफलता पूर्वक समापन होने पर एवं समापन दिवस पर आए सभी अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

इस दौरान कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ हेमंत सक्सैना, डॉ ए पी सिंह, दे राकेश कुमार गुप्ता, डॉ अजय प्रकाश , डॉ कादंबरी मिश्रा, डॉ सुधा वर्मा, डॉ स्तुति वशिष्ठ, डॉ नेहा,एवं डॉ ज्योति सिंह आदि की उपस्थिति रही।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025 पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में क्विज, पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी समेत एक दर्जन से अधिक प्रतियोगिताऐं हुई आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में ह्यराष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025 पर 4 दिनो से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के समापन पर उनके विजेता छात्र-छात्राओ को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वरिष्ठ वैज्ञानिको/ शिक्षाविदो ने विज्ञान को रटने के बजाय जीवन में आत्मसात करने पर बल देते हुए नवाचारो के साथ रिसर्च को बढावा देने का आवाहन किया।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में ह्लह्लराष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025ह्लह्ल पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डे, डॉ. राजेश सिंह एवं डीन एप्लाईड साईन्स डॉ विश्वनाथ झा आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आज विज्ञान एवं तकनीक के दम पर कई यूरोपीय देश दुनिया के सिरमौर बने बैठे है। हमे भी नयी शिक्षा निति के अनुरूप विज्ञान को रटने के बजाय आत्मसात करने की आवश्यकता है। हमें विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा को नवाचार, संस्कार एवं रोजगार से जोड़ना होगा।प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि वेंक्टेश्वरा ने विज्ञान में शोध एवं अनुसंधान को बढावा दने के लिए अभी तक दुनिया के सौ से अधिक ख्याति प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानो के साथ ह्लह्लशैक्षणिक अनुबन्धह्लह्ल कर चुका है। हम रिसर्च को बढावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ह्यह्यराष्ट्रीय विज्ञान दिवसह्लह्ल पर संस्थान के छात्र-छात्राओ ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के समापन पर संस्थान प्रबन्धन ने विजेता छात्र-छात्राओ को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

**श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय गजरौला, वी.जी.आई. मेरठ, स्कूल ऑफ साईन्स, इंजीनियरिंग, एप्लाईड साईन्स, के 400 से अधिक छात्र-छात्राओ ने विभिन्न प्रतियोगिताओ में किया प्रतिभाग**

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. विश्वनाथ झा,डायरेक्टर डीन अकेडमिक अफेर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. शहजादी खातून, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. एल.एस. रावत, रीना जोशी, डॉ. स्नेहलता एवं डॉ. परमजीत कौर मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बहसूमा।** बहसूमा कस्बे के समीप स्थित डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में शुक्रवार को जे. के. हॉस्पिटल मवाना के सौजन्य से निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालयसचिव जगदीश त्यागी व विद्यालय प्रधानाचार्य जिया जैदी ने किया।इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परीक्षण किए गए। शिविर में डॉक्टर मनीष, डॉक्टर अनस, डॉक्टर अजमी, डॉक्टर मनीषा नारायण और डॉक्टर विमल कुमार ने आंख, नाक, गला, दंत व मनोवैज्ञानिक चिकित्सको ने छात्रों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह भी प्रदान की गई कि बच्चों को रोजाना पर्याप्त व्यायाम करना चाहिए,भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोने चाहिए,स्वस्थ भोजन लेना चाहिए, एक दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए और साल में स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा की जांच करानी चाहिए।विद्यालय सचिव महोदय ने जे. के. हॉस्पिटल की टीम तथा हॉस्पिटल प्रबंधक कमल त्यागी का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यह आयोजन हमारे स्कूल और समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं प्रदान करने में मदद करता है और कहां की स्वास्थ्य ही धन है क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यदि स्वास्थ्य अच्छा होगा तो पढ़ाई में मन लगेगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं प्रदान करना है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन हमारे विद्यार्थियों और समुदाय के लिए लाभकारी होगा।इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

# आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में सरधना नगर मे बह रही है धर्म रुपी गंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** आदर्श नगर स्थित "सौरभ सागर संत निकेतन" प्रांगण मे परम पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदन्त सागर जी सुयोग्य शिष्य परम पूज्य संस्कार प्रणेता

**मंशापूर्ण क्षेत्र पर विशालकाय जीवन आशा हॉस्पिटल का भी निर्माण किया गया है जिसमें दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं: आचार्य सौरभ सागर महाराज**

ज्ञानयोगी आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य मे नव दिवसीय जिनेन्द्र महार्चना के तृतीय श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का आयोजन किया जिसमे 108 अर्घ के द्वारा जिनेन्द्र भगवान कि आराधना कि गई।जिसमे सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य व साथ ही मंडले पर मंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य भी पंकज जैन दीपक जैन नेताजी परिवार को प्राप्त हुआ। प्रातः कालीन अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात विधान कि मांगलिक क्रियाये प्रारम्भ हुई जिसमे विकास जैन विनीत जैन कुमार टेक्सटाइल परिवार को भी पात्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।समस्त मांगलिक क्रियाये पंडित संदीप जैन "सजल" ने सम्पन्न करवाई। परम पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने बताया कि इस विधान मे संपूर्ण भगवान महावीर स्वामी के जीवन को लिखा गया है पूज्य गुरुदेव ने मनसा पूर्ण भगवान महावीर स्वामी के विषय में भी बताया यह मंशापूर्ण महावीर स्वामी की प्रतिमा गाजियाबाद जिले के मुरादनगर स्थित श्री मनसापूर्ण महावीर क्षेत्र गंग नहर तट पर विराजमान है जहां पर लाखों श्रद्धालु जन पहुंच करके दर्शन करते हैं, और जो भी मन की मुराद होती है वह पूरी हो जाती है इसीलिए इनका नाम मनसा पूर्ण रखा गया है मंशापूर्ण क्षेत्र पर विशालकाय जीवन आशा हॉस्पिटल का भी निर्माण किया गया है जिसमें दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं आने वाले कुछ महीनो में वहां पर कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से निजात मिले इस हेतु वहां पर हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है आज पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सिंह सोम ने भी आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के श्री चरणों में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर पंकज जैन रामभूल जैन विनोद जैन कमल जैन विकास जैन सौरभ जैन मुकेश जैन राजकुमार जैन दीपक जैन सौरभ जैन ऋषभ जैन शुभम जैन रजत जैन अंशुल जैन राजीव जैन योगेश जैन सोनी आशीष जैन महिपाल जैन आदिश जैन राजेश जैन प्रमोद लोकेश जैन अनिल जैन नितिन जैन गौरव जैन अनुज जैन आदि गुरु भक्त उपस्थित रहे।




# विनायक विद्यापीठ में हुआ साइंस विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन


बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** विज्ञान दिवस के अवसर पर विनायक विद्यापीठ में साइंस विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत महान वैज्ञानिक सीवी रमन को याद कर की गई जिन्होंने प्रकाश की फोटोन थ्योरी से जुड़ी अहम खोज रमन प्रभाव की खोज की थी। तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्रों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा बताया कि जिन बातों को हम मिथ मानते हैं वो मिथ नहीं है उन सभी बातों के पीछे कोई न कोई वैज्ञानिक तर्क है । उन्होंने बताया कि हमारे आस-पास हो रही सभी चीजों के पीछे क्या सिद्धांत क्या हैं। छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन भी किया गया जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।इसी के साथ साथ छात्र-छात्राओं ने एमआईईटी कॉलेज के इंक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण किया जिसमें उन्होंने कई प्रकार के इनोवेशन देखे। एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर की मैनेजर वंशिका यादव ने छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट दिखाए और उनकी बारिकियों से अवगत कराया। छात्रों ने इक्वेशन मैनेजर से महत्वपूर्ण प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओ को स्पष्ट किया । विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशिका ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान दिवस की बधाई दी और कहा कि विज्ञान ने कई तरह से समाज पर गहरा प्रभाव डाला है। सेहत से लेकर कृषि, संचार, तकनीक, अंतरिक्ष खोज जैसी कई चीजें साइंस के जरिए मुमकिन हो पाई हैं। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक इंजी विकास कुमार, डीन एकता सिंधु , ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा के अलावा सभी विभागाध्यक्ष एव फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम मंच का कुशल संचालन साइंस विभाग की सहायक प्रोफेसर स्वेता राजपूत ने किया।

# उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया, बिल्डिंग का स्ट्रक्चर खड़ा करने में तेजी के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने निमार्णाधीन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मजदूरों की बायोमीट्रिक उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मजदूरों की संख्या बढ़ाने को कहा ताकि दिसंबर 2025 तक एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण पूरा हो सके।

विशेष सचिव मुरादाबाद पहुंचे। इसके बाद विवि अधिकारियों के साथ वह निमार्णाधीन गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर उन्होंने निर्माण कार्य के हर बिंदु का महनतापूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की चारों तरफ की गई बाउंड्रीवाल का कार्य देखा। कार्यदायी संस्था से पिलर और पाइलिंग के बारे में जानकारी ली।निर्देशित करते हुए कहा कि जंग लगे सरिया का उपयोग न किया जाए और बिल्डिंग का स्ट्रक्चर खड़ा करने में तेजी लाएं। विशेष सचिव ने एडमिन ब्लॉक, एकेडेमिक, क्यूसी लैब, ब्लाक ए, वीसी रेजीडेंस, सर्वेंट क्वाटर, फैसिलिटी सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल, बायज हॉस्टल आदि का निरीक्षण किया 'गिरिजेश कुमार त्यागी ने निमार्णाधीन भवन के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि मजदूरों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा कार्यों की गुणवत्ता पर ऑनलाइन नजर रखी जा सके। साथ ही चोरी आदि की कोई घटना न होने पाएं। इसके साथ ही कार्य कर रहे श्रमिकों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुलसचिव शशि भूषण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेंद्र बहादुर, जेई अरुण कुमार, एई रमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वास्थ्य कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि धीमी प्रगति वाली योजनाओ में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया कि सरकारी एवं प्राईवेट अस्पतालो को, वहां आने वाले मरीजो की संख्या के दस प्रतिशत मरीजो की टीबी जांच कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। सीएचसी, पीएचसी प्रभारियो को गांव में चौपाल लगाकर अस्पताल में दी जा रही सुविधाओ के बारे में बताये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियो को शत-प्रतिशत भुगतान किया जाये।बैठक में वैक्सीनेशन, ई-संजीवनी स्टेटस, रोगी कल्याण समिति व्यय रिपोर्ट, अधूरे निर्माण कार्यों की प्रगति, यू-विन पर डाटा फीडिंग,जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान रिपोर्ट, मंत्रा ऐप,आभा आईडी स्टेटस,बेड आक्यूपेन्सी,आयुष्मान भारत योजना की स्थिति,राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम,ए0एम0एस0 अटेण्डेन्स स्टेटस, वैक्सीनेशन की स्थिति,दवाओ एवं स्वास्थ्य उपकरण की उपलब्धता एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम/ रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होने जनकल्याणकारी योजनाओ में लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। डिलीवरी की स्थिति की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि आमजन को लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, एसीएमओ, एमओआईसी, सीडीपीओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ई-मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से लाभार्थियों को मिलेंगे रोजगार के नये साधन: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम एवं इण्डियन आयल कम्पनी के सौजन्य से न्यूमोशन द्वारा लायन्स क्लब, कविनगर गाजियाबाद में जनपद के दिव्यांगजनों को बैट्री चालित व्हीलचेयर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। आयोजनकताओं द्वारा जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं शॉल उढ़ाकर स्वागत व सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आयोजनकताओं की उपस्थित में द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि इण्डियन आयल कम्पनी के सौजन्य से प्राप्त ई-मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से आप लोगों के लिए रोजगार के नये–नये साधन प्राप्त होंगे। आप लोग आत्मनिर्भर बने इसी उद्देश्य से आप लोगों को ई-मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का लाभ मिला है। इण्डियन आयल कम्पनी द्वारा आप लोगों को रोजगार हेतु जोमैटो में भी लिंक किया गया है। अब आप लोगों पर एक विशेष जिम्मेदारी है कि आप लोगों को दिखाना है कि हम किसी साधारण इंसान से कम नहीं है, हम सक्षम व आत्मनिर्भर हैं, आप लोगों के ऐसे कार्यों से अन्य दिव्यांगजनों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को ई-मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की प्रतीकात्मक चाबी भेंट करते हुए जनपद के 28 दिव्यांगजनों को ई-मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया। लाभार्थी दिव्यांगजनों को जोमैटो में डिलवरी ब्वायज के रूप में कार्य करने हेतु जोमैटो टीम द्वारा उनका रजिस्ट्रेशन आदि कार्य पूर्ण किये गये। उक्त सभी लाभार्थियों को रोजगार दिये जाने के उद्देश्य से उक्त मोटराइज्ड इण्डियन आयल कम्पनी के सौजन्य से प्रदान की गयी है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों से वार्ता भी की गयी, लाभार्थियों ने जिला प्रशासन और इंडियन ऑयल कम्पनी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में ई०डी० इण्डियन आयल, जी०एम० इण्डियन आयल, योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, सुधीर कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, व यूमोशन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

**हमें बताना है कि हम आत्मनिर्भर और सक्षम हैं: दीपक मीणा**



**बैठक** सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने सर्किट हाउस में की प्रशासनिक समीक्षा बैठक

# सफाई कर्मियो की समस्याओ का प्राथमिकता पर किया जाये निस्तारण: सदस्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सर्किट हाउस में सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा मैन्युअल स्केवेंजर्स अधिनियम 2013 के जनपद में लागू होने व पालन करने की प्रशासनिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य ने कहा कि अधिकारी स्वच्छकारो को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का लाभ दिलाये।सफाई कर्मियो की समस्याओ का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। स्वच्छकारो के लंबित प्रकरण पर नियत समय में कार्यवाही की जाये।इस संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। केन्द्र हो या प्रदेश सरकार स्वच्छकार सरकार की प्राथमिकता में है तथा इसके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है स्थानीय स्तर पर संबंधित सभी विभागीय अधिकारी योजनाओ का लाभ दिलाये तथा जो भी शासनादेश एवं उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन दी गई उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। सदस्य ने महाकुम्भ में सफाईकर्मियो का सम्मान किये जाने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

**केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में स्वच्छकार-भगवत प्रसाद मकवाना**

उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार स्वच्छकारो का कल्याण एवं उन्नयन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नमस्ते पोर्टल पर हुए रजिस्ट्रेशन तथा कैम्प लगाकर कितने लाभार्थियो को लाभान्वित किया गया है इसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि नगर निगम व समाज कल्याण विभाग संयुक्त रूप से कैम्प लगाकर पात्रो को योजनाओ का लाभ दिलाये एवं लंबित प्रकरण का तत्काल निस्तारण करें। नगर निगम मृतक आश्रित के लंबित देयको का समय से भुगतान एवं उनकी नियुक्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया कि नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायतो/ग्राम पंचायत से संबंधित अधिकारियो को पत्र प्रेषित करते हुये मैन्युअल स्केवेंजर्स की पांच श्रेणी के अनुसार सर्वेक्षण कराना सुनिश्चित करें जिससे कि पात्रो को लाभ मिल सके। उन्होने बैंको को निर्देशित करते हुये कहा कि स्वच्छकारो के मामलो का प्राथमिकता पर निस्तारण करें।उन्होने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नायक मातादीन वाल्मीकि चौक का सौदर्यीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। वाल्मीकि बस्ती में धर्मशाला एवं विकास कार्या को प्राथमिकता पर लेते हुये कार्यवाही की जाये। जिन सफाईकर्मियो का ईपीएफ कट रहा है नगर निगम इसकी सूची चस्पा करें जिससे सफाईकर्मी को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# मुरादाबाद की सपा सांसद रुचिवीरा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** सपा सांसद रुचिवीरा और कांग्रेस नेता असद मौलाई के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में आरोप तय किए जाने थे लेकिन अदालत में पेश न होने के कारण कोर्ट ने स्थगन प्रार्थनापत्र खारिज करते हुए वारंट जारी कर दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान नागफनी थाने में अवर अभियंता शिवमोहन ने 8 अप्रैल 2024 को रुचिवीरा, कांग्रेस नेता असद मौलाई, जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, नदीम समेत अन्य के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में कहा गया कि 7-8 फरवरी को सपा प्रत्याशी रुचि वीरा व अन्य सहयोगियों के साथ जनसभा कर रही थीं। मौके पर 50-60 लोग शामिल हैं। सभा की अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को केस में आरोपी सांसद रुचिवीरा, असद मौलाई के अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थनापत्र पेश किया गया, जिसका अभियोजन पक्ष की ओर से विरोध किया गया। अदालत ने रुचिवीरा और असद मौलाई का स्थगन प्रार्थनापत्र खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी कर दिए। साथ ही मुकदमे की सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख तय कर दी है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इम्पैक्ट कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थूनापुर, भोट, जनपद रामपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय के छात्रों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही पोस्टर मेकिंग एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए।

इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सर सी.वी. रमन की महत्वपूर्ण खोजों को चार्ट एवं अन्य प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद सैफी ने छात्रों के कार्यों की सराहना की और विज्ञान एवं नवाचारों के महत्व पर बल दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने सर सी.वी. रमन के जीवन एवं उनकी महत्वपूर्ण खोजों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें उन्होंने विज्ञान के प्रति अपनी रुचि और समझ को विकसित किया। इस अवसर पर कॉलेज एम०डी० सरताज अहमद, डॉ० दानिया अहमद, अनुप्रिया वशिष्ठ, नगमा बी, सी० लाल, मो० आसिम खान, डॉ० विक्की सैनी, सुशील कुमार,नगमा बी, डॉ० शाज़िया, डॉ० आशीष अग्रवाल, मो० आरिफ सैफी, शुवेब त्यागी, शिवम् चंद्र, अलीना खान, सूरज गंगवार, रूबी आशरा, रेहान नैय्यर, दीपेश कुमार अंशिका शर्मा, महताब अनवर, मो० आरिफ सैफी, आयुषी शर्मा, आदि मौजूद रहे।



## रमन प्रभाव की खोज कर सीवी रमन ने दिलाई भारत को नई पहचान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने छात्रों को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सर सी वी रमन के रमन प्रभाव से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। शुक्रवार को विद्यालय में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के ऐतिहासिक कार्य भारतीय संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग करने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए याद कर विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है । इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी 1928 को की थी। भारत सरकार ने रमन प्रभाव की खोज के लिए वैज्ञानिक सर सी वी रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया। आज हमारे देश के वैज्ञानिकों का समर्पण और उनके अथक प्रयास सराहनीय हैं। भारतीय भौतिक शास्त्री डॉ सी वी रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का उद्देश्य देश के युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित कर देश की उन्नति में योगदान देना है।

## ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक में टीकाकरण को सफल बनाने का किया आह्वान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रभारी खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में ब्लाक टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ नगर पंचायत उमरी कला आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक में प्रतिरक्षण अभियान की समीक्षा की गई' अप्रैल माह में टीकाकरण के तहत 3 से 12 मार्च तक घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा' बैठक में बताया गया कि माह का पूर्ण प्रतिरक्षण 76% रहा ।) मोबिलाईजेशन में कांठ एवं उमरी कला में कमी पाई गई' 30% बच्चों का टीकाकरण आयु के अनुसार नहीं पाया गया' (उमरी चौराहा, चौफ बाजाद, आविदपुरा, मधपुरी भट्टा, नई बस्ती एवं बीबीपुर ), अप्रैल माह का नया सत्र 2025-26 से टीकाकरण माइक्रोप्लानिंग आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा 3-12 मार्च तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा ' बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ, राजीव सिंह , बीपीएम चंद्रशेखर यादव, यूनिसेफ से बीएमसी रेखा पटेल, नगर पंचायत उमरी कला एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## वार्षिक ग्रह परीक्षा फल: उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को किया गया पुरस्कार, शिक्षा ही किसी राष्ट्र की दशा एवं दिशा तय करती है: मुकेश माहेश्वरी

**बुन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा.,कांठ में शुक्रवार को वार्षिक गृह परीक्षा फल की घोषणा की गई। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर गृह परीक्षा में 1089 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 1060 परीक्षार्थी सफल हुए। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97.34 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाएं। शिक्षा ही किसी राष्ट्र की दशा एवं दिशा तय करती है ' कार्यक्रम में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, प्रधानाचार्य मदन सिंह, रघुराज सिंह,अतवीर सिंह त्यागी, अखिलेश कुमार बिश्नोई, दीपक कुमार, पदम सिंह, पीतांबर सिंह, हरीश चंद्र तिवारी, निशिकांत पाठक, विपुल कुमार, भानु प्रताप सिंह, दीपक सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा व अशोक त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, बच्चों ने विभिन्न मॉडल किए प्रदर्शित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एस वी चिल्ड्रन एकेडमी में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा 10 मॉडल प्रदर्शित किए गए विद्यार्थियों ने विज्ञान की दुनिया मे एक सफल प्रवेश किया और उन्होंने खुद को योग्य तरीके से प्रस्तुत किया जिनमें कनुप्रिया चौधरी, मोहम्द आमान,अंकिता ,जीवन ,अमित कुमार, हिमांशू ,मानवी पंवार, हंसिका, अर्शिता सूर्यवंशी, आदि छात्र, छात्राओं ने भाग लिया तथा मार्गदर्शन अध्यापिका ज्योति सागर व अन्य शिक्षकों ने छात्रों को यहां जागरुक किया इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक गौरव विश्नोई, रविन्द्र पंवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




## राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा: बेगमपुर के छात्र विकास कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आज राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा-2025 के घोषित परिणाम के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय बेगमपुर, विकासखंड छजलैट के 6 छात्र-छात्राओं का स्थान मेरिट में आया । विद्यालय के छात्र विकास कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक चन्द्रशेखर सिंह ने समस्त स्टाफ को बधाई दी है। उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही , कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय की इंचार्ज प्रधान अध्यापिका प्रियंका चौधरी ने भी विद्यार्थियों को बधाई देने हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## अख्तरी सलमानी शादी ग्रुप ने बिना दहेज के कराया निकाह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)** । सलमानी समाज के नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी लियाकत सलमानी ने अपनी मां अख्तरी बेगम की याद में अख्तरी सलमानी शादी ग्रुप सोशल मीडिया पर एक्टिव किया। ग्रुप का उद्देश्य सलमानी समाज की गरीब बच्चों की शादी कराना है और बिना दहेज के भी शादी कराने का उद्देश्य है। वरिष्ठ समाजसेवी लियाकत सलमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि अख्तरी सलमानी शादी ग्रुप जनपद मुरादाबाद की अदवी बस्ती कुन्दरकी का एक समाजिक प्लेटफॉर्म है। जो सलमानी समाज के युवाओं और युवतियों के निकाह के लिए बनाया गया है। इस ग्रुप के संस्थापक लियाकत सलमानी हैं और इसके प्रमुख प्रशासक मोहम्मद इनाम सलमानी हैं। हमारा उद्देश्य है कि सलमानी समाज में दहेज-मुक्त और इस्लामिक तरीके से शादियाँ कराना है। हमारे ग्रुप के माध्यम से सैकड़ो सफल शादियाँ हो चुकी हैं । जिनमें से कई शादियाँ दहेज-मुक्त तरीके से हुई हैं। हाल ही में, हमने कई सफल शादियाँ आयोजित की हैं, जिनमें से एक है शादी मौहम्मद आसिफ (पुत्र मौहम्मद असगर मरहूम, कस्बा गंगो, जिला सहारनपुर) और इकरा सलमानी (पुत्री उस्मान मास्टर उस्मान सलमानी, सहारनपुर) का निकाह, जो 15 फरवरी 2025 को हुआ। यह निकाह मौहम्मद इनाम सलमानी ने ग्रुप के माध्यम से कराया है। हमारा उद्देश्य है कि सलमानी समाज में इस्लामिक तरीके से शादियाँ कराना और समाज में दहेज-मुक्त और गैर-इस्लामिक रस्मों से मुक्ति दिलाना है।




## बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को 60 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, एसडीएम ने किया विभिन्न केंद्रो का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा में 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' एसडीएम ने विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया '' पहली पारी में विभिन्न परीक्षा केदो पर 59परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे'' दूसरी पारी में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा' । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु तहसील क्षेत्र में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 9173 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है । विभाग द्वारा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं' एसडीएम ने आज विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए नगर में ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को अप संकलन केंद्र बनाया गया है केंद्र के प्रभारी रामसागर ने "बुलंद संदेश" को देर शाम बताया कि पहली पारी में 59 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे दूसरी पारी में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।



## दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने महिला का किया उत्पीड़न,आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र रामकुमार की शादी 9 साल पहले बेबी पुत्री शीशराम के साथ हुई थी बेबी का आरोप है कि ससुराल वाले उसकी शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे और 5 लाख की मांग कर रहे थे' मांग पूरी न होने पर भूपेंद्र, सास कमलेश, नंनद रीना, नंदोई धर्मेंद्र आदि ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और लगातार दहेज की मांग को लेकर मारपीट करना भूखा रखना आदि अनेक तरीकों से उसे परेशान करना शुरू कर दिया। इस बीच उत्पीड़न के चलते महिला का बच्चा पेट में ही मर गया पीड़िता के मुताबिक ससुराल वालों ने उसका ठीक से इलाज नहीं कराया जिससे वह अन्य बीमारियों की चपेट में आ गई महिला का कहना है कि एक दिन ससुराल वालों ने पहने हुए कपड़ों में ही उसे धक्के देकर घर से बाहर भगा दिया वह महमूदपुर माफी गांव के शीशराम और अशोक कुमार को लेकर ससुराल पहुंची तो पता लगा कि उसके पति ने रूबी नाम की महिला से शादी कर ली है जानकारी लेने पर बताया कि जो दहेज तुमने नहीं दिया उसकी पूर्ति रूबी के परिजनों ने की है और अब वही कानूनन उसकी पत्नी है महिला थाने आई और उसने तहरीर दी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पवित्र रमजान पर्व को लेकर तैयारियां हुई पूरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुकद्दस रमजान की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मस्जिदों में तरावीह के लिए हाफिज और उलमा भी तैयार हैं। ईद पर्व को लेकर बाजारों में

### पहला रोजा रविवार को होने की उम्मीद, ईद की खरीदारी हुई शुरू

खरीदारी शुरू हो गई है 'नगर के मीना बाजार में दुकान गुलजार हो गई हैं ' सहरी और इफ्तार के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में दुकानें सज चुकी हैं। उलमा ने भी लोगों से अपील करनी शुरू कर दी है कि वह अपने पड़ोसियों की मदद करें। इस माह में की गई एक नेकी के बदले रोजेदार को 70 नेकियां मिलती हैं। 29 का चांद हुआ तो पहला रोजा शनिवार और 30 का चांद हुआ तो पहला रोजा रविवार का होगा। नगर की मस्जिदों में तरावीह के लिए तैयारियां शुरू हो चुके हैं। आज शाम तकसभी कार्य पूरे हो गए। इसके साथ ही यह भी तय हो गया है कि किस मस्जिद में कौन हाफिज कुरान पाक सुनाएंगे। वहीं सफाई का काम भी पूरा हो चुका है। नई सफें बिछाई जा चुकी हैं। रमजान शुरू होने के साथ ही रोजेदारों की दिनचर्या पूरी तरह बदल जाएगी।सहरी के बाद सीधे इफ्तार में ही खानपान होगा। इसके साथ ही इबादत का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। मदरसों से सहरी-इफ्तार के कैलेंडर भी जारी हो चुके हैं। नगर पंचायत कांठ की मस्जिदें नमाज-ए- तरावीह के लिए तैयार हैं। जहां नमाज-ए-तरावीह में कुरान की आयतें गूंजेगी।नगर की मस्जिद हो या गांव की, छोटी हो या बड़ी सभी मस्जिदों में खत्म शरीफ के दिन तय किए जा चुके हैं। इसके मुताबिक ही हाफिज कुरान सुनाएंगे। यही नहीं मस्जिदों में हाफिजों की आमद भी हो चुकी है। वहीं मस्जिदों की रंगाई पुताई का भी काम पूरा हो चुका है। नगर की अनेक मस्जिदों में 29 दिन की नमाज-ए- तरावीह होती है। इसके लिए मस्जिदों में मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। रमजान में तरावीह के जरिए रोजेदारों को पूरा कुरान सुनने का मौका मिलता है। रमजान में कुरान को सुनना एक सुन्नत है और 29 या 30 रमजान तक लगातार तरावीह पढ़ते रहना भी एक सुन्नत है। किस मस्जिद में कितने दिन की होगी नमाज-ए-तरावीह यह भी तय हो गया है। नगर की जामा मस्जिद, मदीना, मुहम्मदी, गुलजार, जमाल, बंजारन, अंसारियान, काज़ियान, मोती, खुमरूवाली , माहीगीरान ,आयशा, मदनी, शाह अबरार , छप्पर वाली आदि मस्जिदों में सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। ईद की खरीदारी भी शुरू हो गई है फलों के दाम भी काफी ऊंचे हो गए हैं ।






## अपार बनाने में लापरवाही बरतने पर कांठ के तीन दर्जन स्कूलों सहित 1300 को नोटिस जारी, मान्यता रद्द करने की दी चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शिक्षा विभाग की ओर से बार-बार निर्देश जारी करने के बाद भी स्कूलों द्वारा अपार आईडी बनाने में लापरवाही की जा रही है। निजी स्कूलों द्वारा सिर्फ 30 फीसदी बच्चों की ही आईडी बनाई गई है। बीएसए ने निदेर्शों की अवहेलना करने वाले जिले के 1300 से अधिक स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं किंद्र सरकार ने सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में जिले में 3288 परिषदीय स्कूलों, माध्यमिक के वित्त विहीन, राजकीय, मदरसा और निजी स्कूलों में प्राइमरी और सेकेंडरी स्तर पर 6,32,922 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस शैक्षिक सत्र में केंद्र सरकार ने वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी योजना के तहत प्रत्येक छात्र की आटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी बनाना आवश्यक कर दिया है। इसमें 12 अंक का एक नंबर दिया जा रहा है। इस नंबर से छात्र की पूरी जानकारी एक क्लिक करते हुए सामने आ जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और दस्तावेज के सुरक्षित डिजिटलीकरण को सुनिश्चित कराना है। इसके लिए संबंधित छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावकों से सहमति पत्र लेने के बाद जनवरी के दूसरे सप्ताह तक यह कार्य पूर्ण करना था, लेकिन अधिकांश शिक्षण संस्थानों की ओर से इस महत्वपूर्ण आईडी को तैयार करने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसकी वजह से प्रदेश की ओर से 25 फरवरी को जारी की गई सूची में जिले में 70 फीसदी कार्य लंबित दिखाया गया है।




**कॉन्फ्रेंस** नर्सिंग के 23, पैरामेडिकल के 19 और फिजियोथैरेपी के 12 साइंटिफिक रिसर्च पेपर्स, जबकि नर्सिंग के 05, पैरामेडिकल के 19 और फिजियोथैरेपी के 10 पोस्टर्स प्रस्तुत किए गए

# वैश्विक हैल्थ सेक्टर की नवाचार से बदलेगी सूरत: सीरत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की संयुक्त रूप से एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस ब्रीजिंग गैप बिटवीन रिसर्च क्लिनिकल एप्लीकेसंस एंड इंटरडिसिप्लिनरी कोलाबोरेशन फोर बैटर हैल्थ आउटकम पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फोर्स-2025 में मालद्वीप, फिलीपींस के संग-संग पश्चिम बंगाल, एम्स दिल्ली, झारखंड, पंजाब, हरियाणा के हैल्थ एक्सपर्ट्स ने एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस की अवधारणा पर अपने अनमोल सिफारिशों की साइंटिफिक तरीके से संस्तुति की है। वैलिडिक्ट्री फंक्शन में मदर टेरेसा पीजी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ए. मारिया टेरेसा, एम्स, दिल्ली में फिजियोथैरेपी विभाग के डॉ. प्रभात रंजन, एम्स- देवघर की प्रिंसिपल प्रो. सी वसंता कल्यानी ने भी अपने-अपने व्याख्यान दिए। दो दिनी हैल्थ फोर्स में कुल 54 रिसर्च पेपर्स और 34 पोस्टर्स प्रजेंट किए गए। नर्सिंग के 23, पैरामेडिकल के 19 और फिजियोथैरेपी के 12 साइंटिफिक रिसर्च पेपर्स, जबकि नर्सिंग के 05, पैरामेडिकल के 19 और फिजियोथैरेपी के 10 पोस्टर्स प्रस्तुत किए गए। कॉन्फ्रेंस में नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, टीएमसीओएन, मुरादाबाद की प्राचार्या डॉ. जसलीन एम., पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नवीनत कुमार, फिजियोथैरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, टीपीसीओएन, अमरोहा की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

क्वालिटी रिसर्च को मेडिकल और एकेडमिक्स सहयोग जरूरी: डॉ. विजयन मालदीव के विला कॉलेज की फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज की डिप्टी डीन डॉ. मानो प्रिया विजयन ने कहा, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए चिकित्सकीय और अकादमिक सहयोग को मजबूत करना आवश्यक है। शोध को व्यवहार में लागू करने की चुनौतियों को डिजिटल एआई-संचालित निर्णय समर्थन प्रणाली, प्रभावी नीतियां और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के माध्यम से हल किया जा सकता है। डॉ. विजयन ने बताया कि अनुसंधान का उद्देश्य केवल ज्ञान का विस्तार करना नहीं, बल्कि उस ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करना भी है। उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान निष्कर्षों को क्लिनिकल प्रक्रियाओं में एकीकृत करना आसान नहीं होता है। इसमें नीतिगत बाधाएँ, संसाधनों की कमी, स्वास्थ्य पेशेवरों का प्रतिरोध, और पारंपरिक प्रथाओं को बदलने की अनिच्छा जैसी समस्याएँ आती हैं। अंत में उन्होंने नर्सिंग पेशेवरों को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




**डॉ. टेरेसा की सलाह, नर्स नए शोध से रहें अपडेट**

फिलीपींस के मदर टेरेसा पीजी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ए. मारिया टेरेसा ने इंक्वारी टू इम्पैक्ट: एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस इन नर्सिंग पर कहा कि साक्ष्य-आधारित अभ्यास-ईबीपी स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में निर्णय लेने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा पर आधारित किया जाना चाहिए, ताकि रोगियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान की जा सके। उन्होंने नर्सिंग क्षेत्र में अनुसंधान से प्राप्त निष्कर्षों को प्रभावी रूप से लागू करने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नर्सों को लगातार नए शोध अध्ययनों से अवगत रहना चाहिए ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल को अद्यतन कर सकें।

**हॉस्पिटल्स एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस अपनाएं: प्रो. मयंगलंबम**

कोलकाता के जगन्नाथ गुप्ता इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज-जेआईएमएसएच की प्रो. प्रेमपति मयंगलंबम ने एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस-ईबीपी को नर्सिंग वर्क लोड और बर्न आउट का समाधान बताते हुए कहा, ईबीपी में स्मार्ट स्टाफिंग सिस्टम- रोगी-नर्स अनुपात का वैज्ञानिक निर्धारण और फ्लेक्सिबल वर्किंग शेड्यूल शामिल है। ईबीपी में स्ट्रेस मैनेजमेंट टेक्निक्स के लिए योग, ध्यान, माइंडफुलनेस, कार्य स्थल संस्कृति में सुधार, सकारात्मक कार्य स्थल माहौल और टीम वर्क को प्रोत्साहन, नर्सिंग लीडरशिप और प्रशिक्षण, समय प्रबंधन और प्राथमिकता निर्धारण की तकनीकों पर ध्यान दिया जाता है। प्रो. मयंगलंबम ने कहा, नर्सिंग स्टाफ की भलाई को प्राथमिकता देना न केवल उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे पेशेंट केयर की गुणवत्ता में भी महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# रैपर किंग की बहन बनने को तैयार पलक तिवारी, वेब सीरीज के लिए मिलाया हाथ

श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी ने साल 2021 में आई वेब सीरीज रोजीः द सैफरन चैप्टर के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान (2023) में नजर आई थीं। अब पलक ने पहली बार रैपर किंग से हाथ मिलाया है। दोनों जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगे। इसके साथ पलक और किंग के किरदार से भी पर्दा उठ गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रैपर किंग और पलक जल्द ही एक दिलचस्प वेब सीरीज में नजर आएंगे। खास बात यह है कि इसमें किंग एक प्रेमी की भूमिका नहीं, बल्कि पलक के भाई के किरदार में दिखाई देंगे। यह सीरीज 9 भागों में रिलीज होगी। बहलहाल, अभी तक इस सीरीज को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बता दें कि किंग को घुमशुदा, तू आके देखले, ऊप्स और मान मेरी जान के लिए जाना जाता है। पलक के पास संजय दत्त की फिल्म द भूतनी भी है। फिल्म में उनकी जोड़ी सनी सिंह के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इसमें मौनी रॉय भी मुख्य भूमिका में होंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। सिद्धांत सचदेव इस फिल्म के निर्देशक हैं। संजय ने इस फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट के साथ किया है। संजय की पत्नी मानयता दत्त फिल्म की सह-निमार्ता हैं।

# अब तेलुगु में भी गूंजेगी छावा की दहाड़, गीता आर्ट्स के कंधे पर फिल्म के वितरण का भार



विक्की कौशल की फिल्म 'छावाइ ने सिनेमाघरों में धूम मचा रखी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म तेलुगु में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फैसला दर्शकों की भारी मांग को देखते हुए लिया गया है। फिल्म की रिलीज के बाद से ही इसे तेलुगु में रिलीज करने की मांग लगातार बढ़ रही है।

तेलुगु में इस फिल्म का वितरण टॉलीवुड का टॉप प्रोडक्शन हाउस गीता आर्ट्स करेगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म का वितरण किया जाएगा। इसका प्रीमियर 7 मार्च 2025 से आंध्र प्रदेश के सिनेमाघरों में होगा। जीए 2 पिक्चर्स के नाम 300 से ज्यादा तेलुगु, हिंदी और अंग्रेजी फिल्मों के वितरण का रिकॉर्ड है, जो अब 'छावा के साथ अपनी विरासत को आगे बढ़ाएगी। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म ने 31 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरूआत की और पहले वीकएंड पर 48.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे वीकएंड पर फिल्म ने 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अपने शानदार कलेक्शन की बदौलत फिल्म ने 375.65 करोड़ रुपये का अब तक कलेक्शन किया है। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित 'छावाइ में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका मंदाना येसुबाई भोंसले की भूमिका में, अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका में, डायना पेंटी जीनत-उन-निसा बेगम की भूमिका में, आशुतोष राणा हम्बीराव मोहिते की भूमिका में और दिव्या दत्ता सोयराबाई की भूमिका में हैं। अब यह फिल्म तेलुगु भाषा में रिलीज होगी, जो इसके लिए एक नई सफलता साबित हो सकती है।

# मलाइका अरोड़ा ने लेटेस्ट फोटोज शेयर कर बोल्डनेस की सारी हदें की पार, 51 की उम्र में इंटरनेट पर मचाई सनसनी

अपनी फिटनेस को लेकर अक्सर चचाओं में रहने वाली एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर आते ही अक्सर बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर चचाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही



में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग और हॉट मूव्स देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

बता दें कि मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। मलाइका अरोड़ा ने रेड हॉट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी ये कातिल अदाएं देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

खुले बाल को स्ट्रेट लुक कर के, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी स्टाइलिश फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनके हर एक स्टाइल को काफी अच्छे से फॉलो करते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर मेरे हस्बैंड की बीवी का हुआ बंटाधार, पांचवें दिन जुटाए केवल इतने लाख रुपये

इन दिनों सिनेमाघरों में मेरे हस्बैंड की बीवी लगी हुई है, जो दर्शकों का मनोरंजन करने में असफल साबित होती नजर आ रही है।

केवल 5 दिन में इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बंटाधार हो गया है। फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है।

इस फिल्म के हीरो अर्जुन कपूर हैं। हालांकि, वह अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल नहीं जीत पाए।

आइए बताते हैं मेरे हस्बैंड की बीवी का बॉक्स ऑफिस पर पांचवें दिन क्या हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 5.55 करोड़ रुपये हो गया है।



फिल्म ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी।

दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इस फिल्म ने 60 लाख रुपये का कारोबार किया था।

मेरे हस्बैंड की बीवी में अर्जुन के साथ रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर भी हैं। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। वाशु भगनानी और उनके बेटे जैकी भगनानी इस फिल्म के निमार्ता हैं। कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। फिल्म में उन्होंने अर्जुन के दोस्त का किरदार निभाया है।

बता दें कि इस फिल्म का अनुमानित बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

# गुलाब की पंखुड़ियों से करें स्किन केयर, चेहरे पर आए निखार को देख सहेलियां पूछेंगी राज

चेहरे पर नूर लाने के लिए लोग तमाम उपाय करते हैं. हेल्दी खानपान से लेकर स्किन केयर को लाइफ का हिस्सा बनाते हैं. यूं तो मार्केट में स्किन ब्राइटनिंग और ग्लोइंग बनाने के लिए तमाम ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद हैं. लेकिन इनकी कीमत ज्यादा होने की वजह से कई लोग इसे नहीं खरीद पाते हैं. ऐसे में आप घर भी कुछ आसान से उपाय अपनाकर चेहरे पर निखार ला सकती हैं. इसके लिए आप



गुलाब के फूल की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं.

गुलाब न केवल देखने में सुंदर लगता है बल्कि इसकी खुशबू भी लोगों को बहुत पसंद आती है. लेकिन क्या आपको पता है इसको आप स्किन केयर का हिस्सा भी बना सकती हैं. गुलाब की पंखुड़ियों से आप फेस पैक, स्क्रब और फेस मिस्ट बना सकती हैं. आइए जानते हैं इसे तैयार करने का आसान तरीका.

**गुलाब की पंखुड़ियों से कैसे बनाएं फेस पैक?**

चेहरे पर नेचुरली ब्राइटनिंग लाने के लिए आप गुलाब की पंखुड़ियों से फेस पैक बना सकती हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत
मुी भर ताजी गुलाब की पंखुड़ियां
एक चम्मच दही
एक चम्मच शहद

**फेस पैक बनाने का आसान तरीका**

फेस पैक बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पीसकर पेस्ट बना लें.
इसमें दही व शहद डालकर मिक्स करें.
स्किन अगर ऑयली है तो दही की जगह बेसन का इस्तेमाल करें.
अब अपनी स्किन को साफ करके इस मास्क को लगाएं.
इसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें.

गुलाब की पंखुड़ियों व चीनी से बनाएं स्क्रब
चेहरे से डेड स्किन को हटाने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों और चीनी से आप स्क्रब तैयार कर सकती हैं.
इन चीजों की पड़ेगी जरूरत
मुी भर गुलाब की पंखुड़ियां
एक चम्मच चीनी
एक चम्मच नारियल तेल

**घर पर स्क्रब कैसे बनाएं?**

गुलाब की पंखुड़ियों को कुचल लें.
इसमें चीनी और नारियल तेल डालकर मिक्स करें.
स्क्रब तैयार है. इसे हल्के हाथों से मसाज करें.
लास्ट में पानी की मदद से स्किन को क्लीन करें.

गुलाब की पंखुड़ियों का फेस मिस्ट
चेहरे को ब्राइट और ग्लोइंग बनाने के लिए आप घर पर केमिकल फ्री फेस मिस्ट भी तैयार कर सकती हैं.
इन चीजों की पड़ेगी जरूरत
पानी और मुी भर गुलाब की पंखुड़ियां.

**फेस मिस्ट बनाने का आसान तरीका**

ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें.
पानी में तब तक उबालें जब तक उनका रंग न निकल जाए.
पानी को छानकर स्प्रे बोतल में भर लें।

# सफेद स्नीकर्स को नए जैसा चमकाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स, कम मेहनत में बनेगी बात

यूथ में स्नीकर्स को लेकर अलग ही क्रेज देखने को मिलता है. शूज कलेक्शन की बात करें तो लड़का हो या लड़की व्हाइट स्नीकर्स सभी का पसंदीदा होता है. ये देखने में जितने अच्छे लगते हैं, उतनी ही जल्दी ये गंदे भी हो जाते हैं. इन्हें साफ करने में बहुत मेहनत लगती है. यूं तो मार्केट में बहुत सारे सफेद स्नीकर्स क्लीनर मिलते हैं. लेकिन हर किसी का इन्हें खरीद पाना संभव नहीं है. ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं ह।

आप घर पर ही कम मेहनत में और बेहद कम पैसे खर्च करके अपने गंदे स्नीकर्स को बिल्कुल नए जैसा चमका सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**नेल पेंट रिमूवर**

सफेद स्नीकर को साफ करने का ये बेहद आसान तरीका है. इसके लिए आपको नेल पेंट रिमूवर चाहिए. सबसे पहले रुई को नेल पेंट रीमूवर में भिगो दें. इसे स्नीकर के दाग-चब्बों पर रगड़ें. दाग धब्बे साफ हो जाएंगे।



**टूथपेस्ट**

टूथपेस्ट की मदद से भी आप स्नीकर्स को चमका सकते हैं. सबसे पहले जूतों को गीले कपड़े से साफ कर लें. अब दाग धब्बों पर टूथपेस्ट लगा दें. सर्कुलर मोशन में ब्रश से टूथपेस्ट 10 मिनट तक रगड़ें. जूतों को साफ कर लें. अब जूतों को खुले में सूखने दें.

**विनेगर और बेकिंग सोडा**

हर घर में बेकिंग सोडा और विनेगर तो मिल जाता है. सबसे पहले आधा कप विनेगर में एक चौथाई बेकिंग सोडा मिला लें और फोम वाला मिक्सचर बना लें. अब इस मिश्रण को जूतों पर रगड़ें और अगले 30 मिनट तक जूतों को सूखने दें. अब इन्हें धो लें।

**नींबू का रस**

नींबू के रस से भी आप सफेद जूतों को साफ कर सकते हैं. क्योंकि इनमें सिट्रिक एसिड होता है. इसके लिए नींबू का रस ठंडे पानी में मिला लें. अब एक कपड़े को इस पानी में भिगोकर निचोड़ें और दागों पर रगड़ें।

# अत बन्दे फिल्म प्रोडक्शन और सोहा फिल्म प्रोडक्शन 14 मार्च को करेंगे अपना पंजाबी पॉलीवुड गीत कित्ती ना वफा रिलीज

आने वाली 14 मार्च यानी होली के शुभ अवसर पर अत बंदे फिल्म प्रोडक्शन और सोहा फिल्म प्रोडक्शन अपना पंजाबी पॉलीवुड गीत कित्ती ना वफा रिलीज करेंगे। इस गीत को पंजाबी गायक राहुल पासी ने लिखा कंपोज किया और गाया भी है। इस गीत का म्यूज़िक बॉलीवुड म्यूज़िक डायरेक्टर श्याम पुरबिया जी ने किया है। इस गीत के मुख्य कलाकार अभिनेता मनीष सिंह मनि और अभिनेत्री श्वेता सिंह श्रेया हैं। इस गीत का निर्देशन द लेजेंड्स आर एम एस अर्थात राहुल पासी, मनीष सिंह मनि और शिवा सीड ने किया है। लाइन प्रोडक्शन विराट सहारनपुरिया जी ने किया।और असिस्टेंट डायरेक्टर गुरमीत दीवान और शैलेश सेम रहे। इस गीत का प्रोडक्शन अत बंदे फिल्म प्रोडक्शन और सोहा फिल्म प्रोडक्शन ने किया है। इस गीत के प्रोड्यूस राहुल पासी और लियाकत अली शेख जी ने किया है। अत बन्दे फिल्म प्रोडक्शन और सोहा फिल्म प्रोडक्शन हाल ही में नए नए कलाकारों को लॉन्च कर रहे है।और आने वाले समय में जल्दी ही सिनेमा के लिए मूवी बनाने जा रहे हैं।जिसमें इछुक कलाकार ऑडिशन देकर काम करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।



# यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने घरेलू फैन्स से टीम का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) महिला क्रिकेट में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी टूनामेंटों में से एक है, और यह अब यूपी वॉरियर्स के घर - लखनऊ (उत्तर प्रदेश) आ गया है। और घरेलू टीम-यूपी वॉरियर्स, जिसकी कप्तानी उत्तर प्रदेश की ही दीप्ति शर्मा कर रही हैं और कोच जॉन लुईस हैं, के लिए एजेंडा अपने परिवेश के अनुकूल ढलना है, ताकि डब्ल्यूपीएल सीजन 3 के प्लेऑफ की राह में यथासंभव कम बाधाएँ हों। यह पहली बार है जब यूपी वॉरियर्स डब्ल्यूपीएल में अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे, और इसका नेतृत्व भी राज्य की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक कर रही हैं। कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वॉरियर्स भारत रत्न श्री अटल



बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी और सबसे पहले 3 मार्च को गुजरात जायंट्स का सामना करेगी। उसके बाद, जॉन लुईस द्वारा प्रशिक्षित यूपी वॉरियर्स 6 और 8 मार्च को क्रमशः मुंबई इंडियंस और गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। घरेलू मैचों को देखते हुए कप्तान दीप्ति शर्मा (जो खेल की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक हैं) ने कहा, "दो सीजन से, यूपी वॉरियर्स ने अपने घरेलू मैदान पर खेलने का इंतजार किया है और अब जब हम यहाँ हैं, तो यह अच्छा लगता है कि हम अपने फैन्स और परिवारों के सामने होंगे। और हम एक इकाई के रूप में मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम लखनऊ में अपने घरेलू फैन्स के लिए शानदार प्रदर्शन करें। यहाँ की पिच पारंपरिक रूप से स्पिनरों की मदद करती है और हमें उम्मीद है कि इससे हमें भी मदद मिलेगी। जब आप घर पर खेलते हैं, तो फैन्स की बदौलत आपको एक अलग तरह की प्रेरणा मिलती है और मुझे उम्मीद है कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पूरा स्टेडियम खचाखच भरा होगा और सभी लोग हमारे लिए नारे लगा रहे होंगे और इससे हमें निश्चित रूप से बहुत प्रेरणा मिलेगी।

अगले तीन मैचों में टीम किस तरह से आगे बढ़ रही है, इस पर बात करते हुए कोच जॉन लुईस ने कहा, "टूर्नामेंट के इस हिस्से के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात अनुकूलनशीलता (एडपबिलिटी) होगी। अगले कुछ दिनों में, हम परिस्थितियों के और अधिक अभ्यस्त हो जाएंगे और इस तरह से तैयारी करेंगे कि हम सभी तरह के हालात का मुकाबला कर सकें। टीम और मुझे जो आत्मविश्वास देता है, वह यह है कि हमारे पास वास्तव में एक संतुलित टीम है जिसमें कई अच्छे विकल्प हैं।"

## **मिशन शक्ति:** बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति किया जागरूक, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से कराया अवगत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम द्वारा कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर नत्था में आज बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज झ 5 के अंतर्गत 90 दिवसीय चल रहे ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल के सम्बन्ध में एकत्रित कर जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी



योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों

वूमेन पावर लाइन-1090
घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181
पुलिस आपातकालीन सेवा -112स्वास्थ्य सेवा-102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जागरूक किया। एंटी रोमियो टीम में प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रप्रभा गौतम महिला कांस्टेबल उपासना महिला कांस्टेबल मनीषा आदि शामिल रही।

# भगवान से कम नहीं ये डॉक्टर,130 टीबी मरीजों को लिया गोद, ठीक होने तक उठाएंगे पूरा खर्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ चंद्र मोहन किसी भगवान

### संदेश संस्था द्वारा किया गया स्वास्थ्य किट योगदान सराहनीय:डॉ चंद्र मोहन

से कम नहीं आमतौर पर मरीजों द्वारा भगवान का रूप दिया जाता है यह कहावत धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोलह आने सच साबित होती दिखाई दी।जब चिकित्सा प्रभारी ने 130 टीवी मरीजों को गोद लिया।जिसमें संदेश संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हेल्थ सुमित राणा द्वारा 130 टीबी मरीजो को हेल्थ प्रोडक्ट का वितरण स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कराया



गया।इस दौरान डॉ प्रवीण कुमार,संगीता अरोड़ा सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, नंदकिशोर, डॉ केके शर्मा,डॉ वरुण चौधरी,अंजू बाला,डॉ स्वाति सागर,डॉ श्रीकांत शर्मा सहित सन्देश संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हेल्थ सुमित राणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर चंद्र मोहन ने जानकारी देते हुए बताया प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे टीबी मुक्त अभियान से प्रेरित होकर उनके द्वारा धौलाना ब्लॉक से करीब 130 टीवी रोग मरीजों को गोद लिया गया है। जिसका उद्देश्य जनसेवा करना और लोगों को इस भयंकर बीमारी से बचाना है।अब इनके इलाज का पूरा खर्चा वही उठाएंगे जिसमें खाने के लिए चना, मूंगफली, च्यवनप्राश,रियल जूस समेत कई अन्य चीजें भी वितरित की गयी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इनका सारा खर्चा मरीजों को गोद लेने वाला व्यक्ति ही उठाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी देशवासियों को बधाई

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान का लाभ उठाने की अपील की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विज्ञान के प्रति जुनूनी लोगों, खास कर हमारे युवा अन्वेषकों (यंग इनोवेटर्स) को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शुभकामनाएं। आइए, विज्ञान और नवाचार को लोकप्रिय बनाते रहें और विकसित भारत के निर्माण के लिए विज्ञान का लाभ उठाएं।

उन्होंने अपने पोस्ट में आगे कहा कि इस महीने के 'मन की बातइ के दौरान, 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप मेंइ के बारे में बात की थी, जहां युवा किसी न किसी वैज्ञानिक गतिविधि में हिस्सा लेते हैं।

पीएम मोदी के अलावा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने इस संबंध में एक्स पोस्ट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महान भौतिक विज्ञानी सी.वी रमन को याद किया।



उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में सी.वी रमन द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान का भी जिक्र किया। कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व शोध रमन प्रभाव के लिए उन्हें 1930 में एशिया में किसी भी विज्ञान स्ट्रीम के लिए भौतिकी के लिए प्रथम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार ने भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि हमारा देश वैज्ञानिक नवाचार का केंद्र रहा है, सर सी.वी. रमन ने 1928 में इसी दिन रमन प्रभाव की खोज की थी, तथा अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए इसरो के कई मिशनों ने लगातार ज्ञान और सीखने की सीमाओं को आगे बढ़ाया है।

बता दें, हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस दिन सीवी रमन ने रमन इफेक्ट की घोषणा की थी। महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें 1930 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### नगर पालिका में 31 मार्च तक सभी नए भवनों को चिन्हित करने का बोर्ड को आश्वासन दिया

# नगर पालिका परिषद पिलखुवा की बजट बैठक सम्पन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** पिलखुवा नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान 21 सभासद बोर्ड बैठक में मौजूद रहे जबकि पांच अनुपस्थित रहे।

बैठक में सबसे पहले सभासद चेतन राणा ने नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र की करोड़ों रुपये की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित बोर्ड को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने भवनों पर टैक्स लगा या नहीं लगा इसके बारे में जानकारी मांगी। जिस पर कर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 3133 भवनों को चिन्हित कर लिया गया है जिन्हें कर वसूली का नोटिस भेजा जा रहा है। सभासद चेतन राणा ने कहा कि आम लोगों में कर को लेकर बहुत ज्यादा गलतफहमियां है इसके लिए कर की सही जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने की बात कही। जिस पर





बोर्ड ने नगर पालिका में 31 मार्च तक सभी नए भवनों को चिन्हित करने का बोर्ड को आश्वासन दिया और बताया कि कर संबंधी मामलों में 52 लोगों की आरसी जारी कर दी गई है। जिनसे जल्द ही कर वसूला जाएगा। सभासद प्रदीप तेवतिया ने कहा कि इमरजेंसी वाहनों पर सफाई कर्मचारी नदारद रहते है इमरजेंसी वाहनों पर कर्मचारी हर समय उपस्थित मिलना चाहिए। सभासद दीपक शुक्ला ने शहर में बिजली के खंभे और नलों को अधिक से अधिक लगाने की मांग की। सभासद वरुण शर्मा ने गौ सेवा के लिए एक वाहन की मांग की।

वही सभासद वरुण शर्मा ने सफाई नायक को बहाल करने का मुद्दा उठाया तो इस दौरान सभासदों की बीच हल्की नोक झोंक भी हुई। सभासदों की नोक झोंक होती देख पालिकाध्यक्ष ने इस मुद्दे को अगली बोर्ड बैठक में सुलझाने की सहमति मांगी जिसके बाद सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गई।

बैठक में सफाई कार्यों और जल आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। तो वही वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पारित होने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई और उन्हें सुलझाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। कर विभाग ने बोर्ड को बताया कि 52 बड़े बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी की गई है।

## अवैध खनन की शिकायत सही पाई गई, खनन माफियाओं से वसूली जाएगी रॉयल्टी और जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर इसकी जांच करने के निर्देश एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को दिए थे'राजस्व निरीक्षक और टीम ने जांच में 9000 घन मीटर भूमि पर इसी गांव के चार लोगों द्वारा बिना अनुमति के खनन करते हुए पाये जाने की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को दी है। उप जिलाधिकारी ने अवैध खनन कताओं के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की है।

उप जिलाधिकारी संत दास पवार को अवैध खनन कराए जाने की शिकायत मिली जिस पर उनके निर्देश पर राजस्व टीम क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर चौहरा पहुंची। यहां गांव निवासी अरमान अली पुत्र हमीद को गाटा संख्या 119 पर 3000 घन मीटर भूमि, इंतजार पुत्र इम्तियाज आदि को गाटा संख्या 120 पर 640 घन मीटर भूमि, अब्दुल पुत्र अली हसन आदि को गाटा संख्या 121 पर 2025 घन मीटर इरफान पुत्र अता हुसैन आदि को गाटा संख्या 132 पर 3500 घन मीटर पर खेत स्वामियों द्वारा बिना अनुमति के खनन करने की आख्या पर उनके विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया है। उप जिलाधिकारी संत दास पवार ने बताया कि खनन के दोषियों से रॉयल्टी एवं जुमार्ना वसूल किया जाएगा।

# आधी रात को धधकी कानपुर की गल्ला मंडी,10 गोदाम में जला लाखों का माल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** गर्मी शुरू होने के पहले ही यहां आग ने अपना तांडव दिखाने शुरू कर दिया है वह आधी रात को यहां की गल्ला मंडी में भी धधक उठी ,जिसके फलस्वरुप 10 गोदाम में रखा लाखों का माल खाक हो गया।

इस आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी । वहीं नुकसान का आकलन भी शुरू कर दिया गया है जो कि समाचार लिखे जाने तक जारी है। इस भीषण आग को बुझाने के लिए फजलगंज, जाजमऊ, किदवई नगर से 12 से अधिक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की लपटें और धुआं 2 किलोमीटर दूर से दिखाई पड़।

फिलहाल कड़ी मशक्कत के बाद करीब 2 बजे काबू पा लिया गया। मंडी में बने करीब 10 गोदाम जलकर राख हो गए।

जहां तक आग लगने के कारण का सवाल है। इसकी वजह अभी पता नहीं चल पाई है। वहीं आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौबस्ता गल्ला मंडी में सबसे पहले यह चबूतरा नंबर 2 में लग गई। आग की लपटे उठती देखकर पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। इस दौरान मंडी के गोदामों के बाहर टट्टर लगे होने के कारण कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में चना और अनाज (गेहूं) रखा हुआ था। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग पर बिना किसी जनहानि के काबू पा लिया गया है। फिलहाल का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं दूसरी ओर आग लगने की वजह पता लगाने के साथ ही हुए नुकसान का आकलन भी शुरू कर दिया गया है।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स और कमल ऑटो फाइनेंस ने की साझेदारी, अब इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना हुआ और आसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के एक प्रमुख नाम गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक अहम साझेदारी की है। इस करार पर 25 फरवरी 2025 को हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य पहले चरण में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। आने वाले समय में इस पहल को और भी राज्यों तक फैलाने की योजना है। इस साझेदारी के तहत, कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (छ3 और छ5 कैटेगरी) के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसका मकसद इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने को और आसान और किफायती बनाना है, जिससे देश में सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा मिल सके। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के निदेशक और सीईओ, श्री हैदर खान ने इस साझेदारी को लेकर कहा, "हम कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। यह कंपनी ऑटोमोबाइल फाइनेंसिंग में अग्रणी है और यह सहयोग हमारे लिए एक




महत्वपूर्ण कदम है। इससे हमारी उपस्थिति ईवी बाजार में और मजबूत होगी, साथ ही यह नवाचार और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। इस साझेदारी के जरिये, हमारा लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है, जिससे हमारे शहर स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर बढ़ सकें।" कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक, श्री श्रेयांश ने भी इस करार को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, "गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स भारत के तेजी से बढ़ते ईवी बाजार में एक प्रमुख नाम है और इस अहम पहल में उनके साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है।

हमारी विशेष रूप से डिजाइन की गई फाइनेंसिंग स्कीम्स गोदावरी की बेहतरीन ईवी टेक्नोलॉजी को और अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद करेंगी, जिससे लोग आसानी से सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट को अपना सकेंगे।"गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स और कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड इलेक्ट्रिकल व्हीकल उद्योग में बड़ा बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते के तहत, कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए प्रमुख ऋणदाता बनेगा और राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में रिटेल फाइनेंसिंग का सहयोग करेगा। इस पहल से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की रफ्तार तेज होगी और ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिकल व्हीकल खरीदना पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक हो जाएगा।

**आयोजन** — सरस आजीविका मेला-2025 में आठवें दिन रही हथकरघा, साड़ी और ड्रेस मटेरियल से जुड़े उत्कृष्ट उत्पादों की धूम

# सरस मेले में एसएचजी के लिए प्रभावी बिक्री संचार रणनीति विषय पर सत्र आयोजित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सहयोग से नोएडा हाट, सेक्टर-33ए में आयोजित 5वें सरस आजीविका मेले के आठवें दिन शुक्रवार को "एसएचजी के लिए प्रभावी बिक्री संचार रणनीति" विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

### घूमने, खरीदारी, स्वादिष्ट व्यंजन और बच्चों के मनोरंजन का बेमिसाल संगम बना सरस मेला

प्रोफेसर डॉ. सुभाष धूलिया ने दी महत्वपूर्ण जानकारी सत्र के मुख्य वक्ता और आईआईएमसी के प्रोफेसर डॉ. सुभाष धूलिया ने एसएचजी की महिलाओं को संचार के महत्व पर विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा, "बिक्री के लिए उत्पाद की गुणवत्ता के साथ-साथ संचार रणनीति भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राहकों के साथ आपका संवाद कैसा है, यह उन्हें खरीदारी के लिए प्रेरित करता है। भाषा से ज्यादा आपका मधुर व्यवहार और आत्मविश्वास मायने रखता है।"

डॉ. धूलिया ने यह भी बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में प्रभावी संचार के जरिए उत्पादों की बिक्री बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने महिलाओं को अपनी क्षेत्रीय भाषा में भी बेहतर संवाद करने की सलाह दी, क्योंकि यह ग्राहकों को जोड़ने का एक प्रभावी तरीका है।

राजेश्वरी एसएम ने दी विज्ञापन और प्रचार की सलाह राष्ट्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की निदेशक राजेश्वरी एसएम ने इस अवसर पर कहा कि एसएचजी की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापनों का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने






कहा, "आपको अपने उत्पादों की मार्केटिंग के लिए रचनात्मक तरीके अपनाने चाहिए। सरकार आपके बेहतर भविष्य और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम चाहते हैं कि आप सभी कुशल उद्यमी बनें।"

**हथकरघा और साड़ियों की धूम**

मेले के आठवें दिन हथकरघा, साड़ी और ड्रेस मटेरियल से जुड़े उत्कृष्ट उत्पादों की खरीदारी ने लोगों का ध्यान खींचा। राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ की बैड शीट्स खास आकर्षण का केंद्र रहीं। ये उत्पाद न केवल सुंदर हैं, बल्कि टिकाऊ और आरामदायक भी हैं। मेले में 400 से अधिक महिला शिल्पकारों ने अपनी हस्तकला और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया। ये महिलाएं विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और अपने कौशल के जरिए ग्रामीण संस्कृति को जीवंत कर रही हैं।

**इंडिया फूडकोर्ट का स्वादिष्ट आकर्षण**

मेले में इंडिया फूडकोर्ट विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए भी लोकप्रिय रहा। फूडकोर्ट के कॉर्डिनेटर श्रयेष कश्यप ने बताया कि हर राज्य का अपना अलग मेन्यू है और यहां स्वच्छता एवं पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिलाओं ने पूरी मेहनत और लगन के साथ व्यंजन तैयार किए और परोसे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद**

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद लिया गया। आठवें दिन आर्ट ऑफ लिविंग के कलाकारों ने भजन संध्या की भक्तिमय प्रस्तुति से भगवान शिव का गुणगान किया। इससे पहले स्कूली बच्चों ने सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267